RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



अहमदाबाद में संजू सैमसन ने जीता नन्हें फैंस का दिल, उपहार में दिए अपने ग्लव्स

पेज 07

VOL: 03 | ISSUE 333 | SUNDAY DATE 21-12-2025 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## संजय सिंह ने राम भक्तों की आस्था का अपमान किया: तरुण चुघ



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के भगवान श्रीराम को लेकर दिए बयान पर पलटवार किया है। आप सांसद संजय सिंह ने कहा था कि राम के नाम में चरित्र होना चाहिए, वरना हराम में भी राम होता है। इस पर तरुण चुघ ने कहा कि यह बयान उनकी घटिया मानसिकता को दर्शाता है और यह राम भक्तों की आस्था का खुलेआम अपमान है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने नई दिल्ली में आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि संजय सिंह का बयान मानसिक दिवालियापन दिखाता है और निंदनीय है। श्री राम जैसे पवित्र नाम के साथ हराम जैसे शब्दों का इस्तेमाल करना किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह इंडी अलायंस की हिंदू-विरोधी और सनातन-विरोधी मानसिकता का साफ सबूत है। दुनियाभर में लाखों राम भक्तों की आस्था का खुलेआम अपमान किया जा रहा है। यह एक अक्षम्य अपराध है। राम को मानने वाली जनता यह सब देख रही है।

# दूरदर्शी नीतियां ही देश की तस्वीर बदल सकती हैं : जेपी नड्डा

» **लखनऊ, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के दीक्षांत समारोह में कहा कि दूरदर्शी नीतियां ही देश की तस्वीर बदलती हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। मेडिकल कॉलेजों की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है और आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना बन चुकी है। जेपी नड्डा ने कहा कि केजीएमयू ने देश की ही नहीं,



दुनिया में मानवता की सेवा की है। यहां पर मेडिकल की पढ़ाई कर निकले छात्र दुनिया के अन्य देशों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि केजीएमयू का गौरवमय इतिहास रहा है। यहां काम करना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि मरीज को स्वस्थ करना आसान काम नहीं होता है। मरीज आपके पास जीवन की रक्षा व सुरक्षा की आस से आता है। नड्डा ने कहा कि 20वीं शताब्दी तक देश में एक ही एम्स था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश में 23 एम्स हैं। पहले मेडिकल के छात्र उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाते थे। अब हमारा विद्यार्थी नहीं कह सकता कि भारत में सुविधा नहीं है। अब भारत में इंस्टीट्यूशन, इन्फ्रास्ट्रक्चर व फैसिलिटी है। मेडिकल के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन आ रहा है। पीएम मोदी ने आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से 62 करोड़ परिवार को लाभान्वित किया है। 70 वर्ष से ऊपर सबको पांच लाख का हेल्थ कवर दिया जा रहा है। उन्होंने केजीएमयू को देश के प्रमुख अस्पतालों में शामिल बताते हुए कहा कि इसे और आगे ले जाने की जरूरत है। नड्डा ने आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख करते हुए स्पष्ट किया कि यह 53 नहीं बल्कि 62 करोड़ भारतीयों को कवर दे रही है। योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक नागरिक को हर साल 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य कवर दिया जा रहा है।

## संक्षिप्त ताजा खबरें

### केंद्रीय बजट रविवार को संसद में पेश होगा?

#### नया इतिहास बनाएगी संसद

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** केंद्र सरकार ने 1 फरवरी को बजट प्रस्तुत करने का आधिकारिक निर्णय लिया हुआ है। इस बार 1 फरवरी रविवार के दिन पड़ रही है। 1 फरवरी को रविदास जयंती है। केंद्र सरकार का सार्वजनिक अवकाश नहीं है। ऐसी स्थिति में पहली बार रविवार को केंद्रीय बजट संसद में पेश होगा। इसको लेकर वित्त मंत्रालय और कैबिनेट में विचार विमर्श शुरू हो गया है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा है। इस मामले में अंतिम फैसला केंद्रीय मंत्रिमंडल करेगा। वहीं वित्त मंत्रालय के अधिकारियों का मानना है, परंपरा के अनुसार 1 फरवरी रविवार को ही केंद्रीय बजट संसद में पेश होगा। इसके लिए सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। 2020 के बाद से 1 फरवरी को बजट पेश किया जा रहा है। शनिवार को भी, पहले बजट पेश हो चुका है। वित्त मंत्रालय के अधिकारियों का मानना है, इस बार 2026-27 का बजट 1 फरवरी 2026 को ही संसद में पेश होगा।

### दुनिया की आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव आया : जयशंकर

**पुणे, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था में उल्लेखनीय बदलाव आया है तथा दुनिया में शक्ति एवं प्रभाव के कई नए केंद्र उभरे हैं। जयशंकर ने पुणे में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड विश्वविद्यालय) के 22वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, कोई भी देश, चाहे वह कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो, सभी मुद्दों पर अपनी इच्छा नहीं थोप सकता। उन्होंने कहा, इतना ही नहीं, इसका यह भी मतलब है कि अब देशों के बीच स्वाभाविक प्रतिस्पर्धा है जो अपने आप में एक संतुलन पैदा करती है। विदेश मंत्री ने कहा, शक्ति और प्रभाव के कई केंद्र उभरे हैं। जयशंकर ने कहा कि शक्ति की अवधारणा के भी कई आयाम हैं- जैसे व्यापार, ऊर्जा, सैन्य क्षमता, संसाधन, प्रौद्योगिकी एवं प्रतिभा और इसी कारण यह बेहद जटिल है।

## भाजपा का विरोध कर जनता को कष्ट दे रही टीएमसी

# बंगाल में महाजंगल राज खत्म करेंगे टीएमसी के कारण विकास रुका : मोदी

» **कोलकाता, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए राज्य की मौजूदा स्थिति को महाजंगल राज करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और तुष्टीकरण की राजनीति के कारण पश्चिम बंगाल का विकास ठप पड़ा है और तृणमूल सिर्फ भाजपा का विरोध करने के लिए आम लोगों को पीड़ा झेलने पर मजबूर कर रही है।

प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के ताहेरपुर में रैली को खराब मौसम के कारण वर्चुअली संबोधित किया। घने कोहरे की वजह से उनका हेलीकॉप्टर ताहेरपुर में बनाए गए अस्थायी हेलीपैड पर नहीं उतर सका, जिसके चलते उन्हें कोलकाता लौटना पड़ा और वहीं से फोन के जरिए सभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने इसके लिए लोगों से क्षमा मांगते हुए कहा कि मौसम की बाधा के कारण वे उनसे सीधे मुलाकात नहीं



कर सके, लेकिन उनका स्नेह और आशीर्वाद उनके साथ है।

प्रधानमंत्री ने ताहेरपुर स्टेशन के पास सुबह हुई रेल दुर्घटना पर भी दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि खराब मौसम के कारण रैली स्थल पर पहुंचते समय भाजपा परिवार के कुछ कार्यकर्ता हादसे का शिकार हुए हैं।

जिन कार्यकर्ताओं की मृत्यु हुई है, उनके परिजनों के प्रति उन्होंने गहरी संवेदना जताई और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### मोदी की रैली में जा रहे तीन लोगों की ट्रेन से कटकर मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में नदिया जिले के ताहिरपुर में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली में शामिल होने के लिए जा रहे तीन लोगों की घने कोहरे के बीच ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना पूर्वी रेलवे के सियालदह-कृष्णानगर खंड के अंतर्गत ताहिरपुर और बढ़कुल्ला रेलवे स्टेशन के बीच हुई। घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण मोदी का हेलीकॉप्टर ताहिरपुर में नहीं उतर सका। उन्होंने कोलकाता हवाई अड्डे से अपने वर्चुअल संबोधन में हृभाजपा कार्यकर्ताओंह्व की मौत पर शोक व्यक्त किया। मोदी ने कहा, हृहमुझे पता चला है कि रैली में जाते समय कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं की रेल दुर्घटना में मृत्यु हो गई।



### सीएम नीतीश ने जिसका नकाब खींचा उस डॉक्टर नुसरत परवीन को झारखंड सरकार का बड़ा ऑफर

**रांची, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** बिहार में महिला डॉक्टर नुसरत परवीन के साथ हुए विवादित घटनाक्रम के बाद झारखंड सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने सीधे तौर पर डॉ नुसरत को तीन लाख रुपये मासिक वेतन पर मनचाही पोस्टिंग, सरकारी आवास और पूर्ण सुरक्षा का प्रस्ताव दिया है। दरअसल बिहार के सीएम नीतीश कुमार द्वारा मंच पर प्रमाण पत्र देते समय डॉ नुसरत का नकाब खींचने के विवादित घटनाक्रम के बाद रांची से यह प्रस्ताव उनके लिए आया है। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने डॉक्टर नुसरत परवीन को झारखंड स्वास्थ्य सेवा में शामिल होने का प्रस्ताव दिया है। इस प्रस्ताव में 3 लाख रुपये मासिक वेतन, मनचाही पोस्टिंग, सरकारी आवास और पूर्ण सुरक्षा शामिल है। मंत्री ने कहा कि उनकी नियुक्ति मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के स्तर पर कराई जाएगी, ताकि उन्हें सम्मान और सुरक्षा दोनों का भरोसा मिल सके। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने अपने बयान में कहा कि बिहार में महिला चिकित्सक के साथ हुई घटना न केवल अमर्यादित है.

ट्रेंडिंग न्यूज

### बस्ती में आटा चक्की मालिक की पीट-पीट कर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**बस्ती, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** उत्तरप्रदेश के बस्ती में अज्ञात बदमाशों ने लाठी डंडा से पीट कर आटा चक्की के मालिक की हत्या कर दी। गौर के बेलवरिया जंगल के प्रधान पुरवा निवासी धर्मेंद्र वर्मा (40 वर्ष) पुत्र राम अचल वर्मा की गांव में स्थित अपने आटा चक्की पर मौजूद थे। तभी अज्ञात बदमाश लाठी डंडा लेकर उनके आटा चक्की पर चढ़ आए और उन्हें मारने पीटने लगे।

### गौतमबुद्धनगर पुलिस की सर्दी में मानवीय पहल, जवानों को रोज मिलेगी गर्म चाय

**नोएडा, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** गौतमबुद्धनगर में बढ़ती ठंड के बीच पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने एक सराहनीय, मानवीय और कल्याणकारी पहल की शुरूआत की है। सर्दी के मौसम में खुले में और कठिन परिस्थितियों में ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों को राहत देने के उद्देश्य से उन्होंने निर्देश दिए हैं कि एक्सप्रेस-वे, प्रमुख चौराहों, ट्रैफिक पॉइंट्स और सुनसान इलाकों में तैनात पुलिसकर्मियों को ड्यूटी स्थल पर ही प्रतिदिन गर्म चाय उपलब्ध कराई जाए। पुलिस कमिश्नर द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार यह व्यवस्था रोजाना कम से कम दो बार या आवश्यकतानुसार उससे अधिक बार सुनिश्चित की जाएगी। विशेष रूप से उन ड्यूटी स्थलों को प्राथमिकता दी जाएगी, जहां आसपास चाय की दुकानें दूर स्थित हैं या उपलब्ध नहीं हैं।





### लालू प्रसाद यादव की आंखों की सर्जरी सफल, मोतियाबिंद और रेटिना का इलाज पूरा

**पटना, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की शनिवार को नई दिल्ली के एक अस्पताल में मोतियाबिंद और रेटिना की सफल सर्जरी हुई। उनके परिवार के सदस्यों और डॉक्टरों ने यह जानकारी दी। लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बताया कि यह प्रक्रिया आसानी से पूरी हुई। उनकी हालत स्थिर और ठीक है, वे तेजी से ठीक हो रहे हैं। राजद सुप्रीमो की यह सर्जरी नेत्र रोग विशेषज्ञ और सेंटर फॉर साइट ग्रुप ऑफ आई हॉस्पिटल्स के चेयरमैन और मेडिकल डायरेक्टर डॉ. महिपाल सिंह सचदेव की देखरेख में की गई। अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, मोतियाबिंद और रेटिना की संयुक्त प्रक्रिया बिना किसी जटिलता के पूरी की गई।

### नागपुर हादसे में बिहार के 6 मजदूरों की मौत पर सीएम नीतीश ने जताया शोक, अनुग्रह राशि की घोषणा

**पटना, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महाराष्ट्र के नागपुर में बुटीबोरी के महाराष्ट्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन रीजन में स्थित सोलर पैनल निर्माण फैक्ट्री में पानी की टंकी फटने से बिहार के छह मजदूरों की हुई मौत पर मर्माहत हैं। उन्होंने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने इस घटना में मृत मजदूरों के शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।



यूटर्न टाइम

# प्रधानमंत्री और अन्य नेताओं ने सशस्त्र सीमा बल स्थापना दिवस पर जवानों को दी शुभकामनाएं

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।**



सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के स्थापना दिवस के अवसर पर देश के शीर्ष नेतृत्व ने बल के जवानों को शुभकामनाएं देते हुए उनके साहस, समर्पण और राष्ट्रसेवा को सलाम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, ओडिशा के राज्यपाल, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया के जरिए जवानों को बधाई संदेश दिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सशस्त्र सीमा बल के स्थापना दिवस पर, मैं इस फोर्स से जुड़े सभी जवानों को बधाई देता हूं। एसएसबी का अटूट समर्पण सेवा की सर्वोच्च परंपराओं को दिखाता है। उनकी कर्तव्यनिष्ठा हमारे देश की सुरक्षा का एक मजबूत स्तंभ है। मुश्किल इलाकों से लेकर चुनौतीपूर्ण ऑपरेशनल स्थितियों तक, एसएसबी हमेशा सतर्क रहती है। उनके आने वाले प्रयासों के लिए उन्हें बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भी एसएसबी के बहादुर जवानों को नमन करते हुए स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, राष्ट्र सेवा में सदैव तत्पर सशस्त्र सीमा बल के बहादुर जवानों को नमन। सशस्त्र सीमा बल के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लिखा, मां भारती की सीमाओं की रक्षा के लिए हर क्षण तत्पर रहने वाले एसएसबी के वीर जवानों को सशस्त्र सीमा बल के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मातृभूमि के प्रति आपकी निष्ठा, सेवा एवं समर्पण का भाव अभिनंदनीय है और हम देशवासियों के लिए अनुकरणीय है। जय हिंद।

ओडिशा के राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कंभमपति ने 62वें स्थापना दिवस के अवसर पर एसएसबी के शौर्य, समर्पण और निस्वार्थ सेवा को सलाम किया। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, ह्ल62वें एसएसबी स्थापना दिवस के अवसर पर हम सशस्त्र सीमा बल के शौर्य, समर्पण और निस्वार्थ सेवा को सलाम करते हैं, जो हमारी सीमाओं को सुरक्षित रखने और राष्ट्र की सेवा करने में लगे हैं।



# प्रधानमंत्री मोदी ने डब्ल्यूएचओ प्रमुख टड्रोस से की मुलाकात, पारंपरिक चिकित्सा पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस से मुलाकात की। यह मुलाकात दूसरे डब्ल्यूएचओ वैश्विक शिखर सम्मेलन के इतर हुई, जिसमें वैश्विक स्वास्थ्य से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी और डब्ल्यूएचओ प्रमुख के बीच पारंपरिक चिकित्सा की अपार संभावनाओं, समग्र स्वास्थ्य और निवारक देखभाल को बढ़ावा देने जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मुलाकात की जानकारी सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा करते हुए कहा कि डॉ. टड्रोस के साथ उनकी चर्चा अत्यंत सार्थक रही।

# 5 वर्षों में 4.43 करोड़ मजदूरों के जॉब कार्ड निरस्त

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** राज्यसभा में केंद्र सरकार ने लिखित जवाब देते हुए जानकारी दी है। पिछले 5 वर्षों में 4.43 करोड़ मनरेगा मजदूरों के जॉब कार्ड निरस्त कर दिए गए हैं ।यह जानकारी राज्यसभा के सांसद तिरुचि शिवा के प्रश्न पर ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने दी है। मंत्री ने कहा फर्जी, डुप्लीकेट या गलत प्रविष्टियों के कारण इन जॉब कार्ड को हटाया गया है ।जिन ग्राम पंचायत का शहरीकरण हो गया है। उन ग्राम पंचायत के जॉब कार्ड निरस्त किए गए हैं। पिछले 5 वर्षों में सबसे ज्यादा जॉब कार्ड बिहार के डिलीट हुए हैं। सरकार का मानना है, पलायन के कारण बिहार में मजदूर काम करने के लिए थे ही नहीं। वर्ष 2020-21मे 27.9 लाख, 2021-22 में 50.3 लाख, 2022-23 में 2.2 करोड़, 2023-24 में 1.0 करोड़ तथा 2024 25 में 4.43 करोड़ मजदूरों के जाब कार्ड केंद्र सरकार ने निरस्त किए हैं। राज्यसभा में दी गई जानकारी के अनुसार बिहार में 1.4 करोड़, उत्तर प्रदेश में 90.4 लाख, उड़ीसा में 41.6 लाख, मध्य प्रदेश में 32.7 लाख, बंगाल में 24.2 लाख तथा राजस्थान में 10.5 लाख जॉब कार्ड निरस्त किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने जानकारी देते हुए कहा, सितंबर 2025 से शुरू आधार आधारित, ई-केवाईसी का 65 फीसदी सक्रिय श्रमिकों की केवाईसी का काम पूरा हो चुका है। मंत्रालय का कहना है, जॉब कार्ड हटाने की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए 25 जनवरी 2025 को जो एसओपी जारी की गई ।उसके बाद सभी मनरेगा मजदूरों को केवाईसी से जोड़ा जा रहा है। अभी तक 4.43 करोड़ मजदूरों को मनरेगा से हटाया जा चुका है। शीतकालीन सत्र में संसद में मनरेगा मजदूरों को लेकर जो नया बिल पास हुआ है। जिसके अनुसार राज्यों को अब मनरेगा मजदूरों को दी जाने वाली राशि का 40 फीसदी हिस्सा, राज्य के राजस्व से देना होगा। केंद्र सरकार केवल 60 फीसदी राशि देगी। ऐसी स्थिति में मनरेगा मजदूरों को कितने दिन और कितनों को मजदूरी मिलेगी, कहना मुश्किल है।

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- पत्नी से घरेलू खर्च का हिसाब मांगना क्रूरता नहीं हो सकता

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** पति-पत्नी का रिश्ता आपसी समझ, भरोसे और सम्मान पर टिका होता है, लेकिन कई बार मामूली बात भी बड़ा विवाद बन जाती है। ऐसा ही एक मामला देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंचा, जहां पति और पत्नी के बीच घरेलू खर्चों के हिसाब को लेकर टकराव हुआ। बात इतनी बढ़ गई कि पत्नी ने पति के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करा दिया और आखिरकार अदालत को इस पर फैसला देना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने अहम निर्णय में साफ कहा कि पति का पत्नी से घर के खर्चों का हिसाब रखने के लिए कहना या एक्सेल शीट बनाने की बात करना क्रूरता नहीं मानी जा सकती। केवल इसी आधार पर किसी के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई शुरू नहीं की जा सकती। अदालत ने पत्नी द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर को रद्द करते हुए कहा कि इस तरह के आरोप वैवाहिक जीवन में रोजमर्रा होने वाले मतभेदों और टकराव को दिखाते हैं, न कि ऐसी क्रूरता को, जिसके लिए आपराधिक मुकदमा चले। इस मामले में पत्नी ने पति पर कई आरोप लगाए थे। उसने कहा कि पति अपने माता-पिता को पैसे भेजता था, उससे रोजमर्रा के खर्चों का पूरा हिसाब मांगता था, प्रसव के बाद वजन बढ़ने पर ताने मारता था और गर्भावस्था व मां बनने के बाद उसकी देखभाल नहीं करता था। अदालत ने इन सभी आरोपों पर गौर किया और कहा कि इनमें से कोई भी आरोप कानून की नजर में क्रूरता की श्रेणी में नहीं आता। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि पति द्वारा अपने माता-पिता की आर्थिक मदद करना कोई आपराधिक कृत्य नहीं है। इसी तरह, घरेलू खर्चों का लेखा-जोखा रखने की मांग, भले ही अप्रिय लगे, लेकिन जब तक इससे किसी तरह की गंभीर मानसिक या शारीरिक क्षति साबित न हो, तब तक इसे क्रूरता नहीं कहा जा सकता।

# दिल्ली में वाहन लेकर प्रवेश करने वालों पर लगा 20-20 हजार का जुर्माना



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** दिल्ली में सर्दियों के शुरू होते ही वायु प्रदूषण फिर से चिंता का कारण बन गया है। राजधानी की हवा की गुणवत्ता (एक्यूआई) लगातार गंभीर और अति-गंभीर स्तर पर बनी हुई है, जिससे बाहर सांस लेना मुश्किल हो गया है। खासकर बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और सांस की बीमारी से ग्रसित लोग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए कई उपाय किए जा रहे हैं, जिनमें वाहनों पर सख्त निगरानी भी शामिल है। पहले दिन ही 10 वाहनों पर 20-20 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया और उन्हें वापस भेजा गया। हालांकि कुछ मामलों में पुलिस ने जुमार्ना माफ कर दिया, खासकर उन लोगों के लिए जो इतनी राशि नहीं चुका सकते थे। कालिंदी कुंज पर भी उन वाहनों की निगरानी की जा रही थी जिनके पास वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र नहीं था। दोपहर तक कम से कम 15 वाहनों का चालान किया गया। अभी दिल्ली में एक्यूआई गंभीर कैटेगरी में है, जिसका मतलब है कि अगर जरूरी न हो तो घरों के अंदर रहना ही सुरक्षित है। प्रदूषण को कम करने के लिए सरकार ने वाहनों पर कड़े नियम लागू किए हैं। अब दिल्ली के बाहर रजिस्टर किए गए सभी वाहनों के बीएस-6 मानकों पर खरे उतरना अनिवार्य है। जो वाहन बीएस-6 नहीं हैं और दिल्ली में प्रवेश करते हैं, उनके ऊपर भारी जुमार्ना लगाया जा रहा है। इसके लिए उत्तर प्रदेश और हरियाणा बॉर्डर पर विशेष चेकपोस्ट बनाए गए हैं। चिल्ला बॉर्डर पर दिल्ली और यूपी पुलिस की टीमें तैनात हैं। यूपी की तरफ बैरिकेडिंग की गई है, जबकि दिल्ली की ओर पुलिसकर्मी मोबाइल ऐप के जरिए वाहनों की जांच कर रहे हैं। उनका मुख्य काम पुराने बीएस-6 या उससे पुराने वाहन दिल्ली में प्रवेश न करें, यह सुनिश्चित करना है।

# दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने अलका लांबा के खिलाफ आरोप तय किए

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।**



दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कांग्रेस नेता अलका लांबा के खिलाफ महिला आरक्षण प्रदर्शन केस में आरोप तय कर दिए हैं। अदालत ने कहा कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अलका लांबा के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला बनता है। दरअसल, यह मामला 2024 लोकसभा चुनाव से पहले जंतर-मंतर पर किए गए एक प्रदर्शन से जुड़ा है, जिसमें अलका लांबा और उनके समर्थकों ने महिला आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर विरोध जताया था। इसी विरोध-प्रदर्शन के दौरान उन पर कई आरोप लगे थे। जानकारी के अनुसार, अलका लांबा पर सरकारी कर्मचारियों के साथ धक्का-मुक्की करने, उनके काम में बाधा डालने, कानूनी आदेश की अवहेलना करने और सार्वजनिक रास्ता रोकने जैसे आरोप हैं। इन आरोपों के लिए अब उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 132, 221, 223(ए) और 285 के तहत मुकदमा चलेगा। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने कोर्ट को बताया कि कांग्रेस नेता अलका लांबा ने प्रदर्शनकारियों को उकसाया, पुलिस की ड्यूटी में बाधा डाली और सड़क जाम कराया। दूसरी तरफ, बचाव पक्ष ने कोर्ट को बताया कि प्रदर्शन शांतिपूर्ण था और किसी भी पुलिसकर्मी को चोट लगने का कोई मेडिकल रिकॉर्ड नहीं है। कोर्ट ने दोनों पक्ष की दलीलें सुनने के बाद आरोप तय किए। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि अलका लांबा के खिलाफ सेक्शन 132/221/223(ए)/285 बीएनएस के तहत दंडनीय अपराधों के लिए प्रथम दृष्टया मामला बनता है। आरोपी के खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया जाता है। आरोपी की ओर से कार्यवाही को खत्म करने/खारिज करने के लिए दायर की गई अर्जी को खारिज किया जाता है और उसका निपटारा किया जाता है। कांग्रेस नेता अलका लांबा ने अपने खिलाफ दर्ज केस से छुटकारे के लिए डिस्चार्ज अर्जी दाखिल की थी, लेकिन राऊज एवेन्यू कोर्ट ने इस अर्जी को खारिज कर दिया।

# सपा सांसद आरके चौधरी और टीएमसी विधायक मदन मित्रा पर अजय आलोक ने किया तीखा पलटवार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।**




**सांसद संजय सिंह के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि इन सबका चरित्र ही ऐसा हो गया है। इन्हें श्रीराम का अपमान करने में आत्मिक शांति मिलती है।**

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने सपा सांसद आरके चौधरी और टीएमसी विधायक मदन मित्रा के बयान पर तीखा पलटवार किया है और कहा कि इन लोगों को जवाब खुद हिंदू समाज के लोग देने वाले हैं। सपा सांसद आरके चौधरी के बयान पर अजय आलोक ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि अगर होलिका दहन, शवदाह और दीपावली से इनको प्रदूषण दिखता है, तो असल में इनका दिमाग प्रदूषित हो गया है। ये लोग बोल-बोलकर खुद ही साबित कर रहे हैं कि इन्हें हिंदुओं के त्योहारों से तकलीफ है। कुछ दिन बाद इन्हें हवन में भी प्रदूषण दिखाई देगा। अजय आलोक ने कहा कि ऐसे लोगों को हिंदू धर्म के लोग ही जवाब देने वाले हैं। इनको राजनीतिक जवाब देना उचित नहीं है।

मदन मित्रा द्वारा भगवान राम को मुस्लिम बताए जाने पर अजय आलोक ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मदन मित्रा हिंदू धर्म के जयचंद हैं। उन्हें इस्लाम या ईसाई धर्म को अपनी सुविधा के अनुसार कबूल कर लेना चाहिए। जिस व्यक्ति को ये नहीं पता हो कि प्रभु श्रीराम जब थे, तब इस्लाम का इ भी नहीं था और मुसलमान का म भी नहीं था। इन्हें हिंदू धर्म के लोग ही जवाब देंगे, इन्होंने हिंदू धर्म को बदनाम करने का ठेका ले रखा है।

उन्होंने कहा कि इस देश में हिंदू देवी-देवताओं का अपमान होगा? अगर उनमें हिम्मत है तो जीसस या मोहम्मद साहब पर कुछ बोलकर दिखाएं। ह्यसिर तन से जुदा करने में समय नहीं लगेगा। ये हिंदुओं की सहिष्णुता है कि वे बोल पाते हैं। ये हिंदू धर्म के जयचंद हैं। उनके लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं।

सांसद संजय सिंह के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि इन सबका चरित्र ही ऐसा हो गया है। इन्हें श्रीराम का अपमान करने में आत्मिक शांति मिलती है। ये धर्म छोड़कर किसी और धर्म में क्यों नहीं चले जाते? विश्व के हिंदुओं को संजय सिंह का बहिष्कार करना चाहिए।

आरएसएस के दत्तात्रेय होसबले के बयान पर अजय आलोक ने कहा कि भारत के 99 प्रतिशत मुसलमान कन्वर्टेड हैं। इनके पूर्वज हिंदू थे।

# कसौली में 24 से 26 दिसंबर को सेवा रत्न सम्मान समारोह : डॉ. इंदर गोयल

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 20 दिसम्बर। अखिल भारतीय सेवा संघ द्वारा आयोजित सेवा रत्न सम्मान समारोह होटल शिवालिक, कसौली में 24 दिसंबर से 26 दिसंबर तक भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में संघ की विभिन्न शाखाओं एवं प्रांतों के अधिकारी भाग लेंगे।

कार्यक्रम के अंतर्गत 24 दिसंबर को प्रांतीय परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी, जबकि 25 दिसंबर को सेवा रत्न सम्मान समारोह संपन्न होगा। इस अवसर पर



अखिल भारतीय सेवा संघ द्वारा दिए जाने वाले अति विशिष्ट सम्मानों – सेवा मित्र, सेवा रत्न, सेवा गोल्ड, सेवा डायमंड एवं सेवा गौरव – की श्रृंखला में कसौली में सेवा रत्न उपाधि से सम्मानित विभूतियों का विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

प्रांतीय परिषद बैठक में संघ द्वारा अब तक किए गए सामाजिक कार्यों की गहन समीक्षा की जाएगी तथा भविष्य में किए जाने वाले सेवा कार्यों पर विस्तृत चर्चा होगी। विशेष रूप से नशा मुक्ति अभियान, मेडिकल कैंप, रक्तदान शिविर, व्यक्तित्व विकास शिविर एवं बच्चों के लिए ह्यचलो विज्ञान की ओरह्व प्रतियोगिता जैसे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

बैठक में सभी सदस्य अपने-अपने सुझाव भी प्रस्तुत करेंगे। इसके अतिरिक्त वर्ष 2025 में उत्कृष्ट सामाजिक कार्य करने वाली शाखाओं को सम्मानित किया जाएगा, जिससे आने वाले वर्षों में शाखाएं और अधिक उत्साह एवं सक्रियता के साथ सेवा कार्यों में भाग ले सकें।

इस समारोह में अखिल भारतीय सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. इंदर गोयल सभी उपस्थित सदस्यों को संबोधित करेंगे तथा संघ के सामाजिक कार्यों को नई दिशा और गति देने संबंधी अपने विचार साझा करेंगे।

# कानपुर में गोविंद नगर का पार्क बना कंक्रीट का जंगल, एफ आई आर और ध्वस्तीकरण की मांग



» सुनील बाजपेई

कानपुर, यूटर्न/ 20 दिसम्बर। शहर के गोविंद नगर (ब्लॉक-8) स्थित सार्वजनिक पार्क के अस्तित्व पर संकट गहरा गया है। पार्क के 70% हरित क्षेत्र को नष्ट कर वहां अवैध निर्माण और इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। भाजपा साहित्य प्रचार विभाग के जिला संयोजक, प्रकाश वीर आर्य ने इस संबंध में जिलाधिकारी, नगर आयुक्त और मुख्य सचिव यूपी को पत्र लिखकर अधिकारियों की मिलीभगत और कोर्ट के आदेशों की अवमानना का गंभीर आरोप लगाया है।

एस सी और एन जी टी के नियमों की अनदेखी शिकायत के अनुसार, पार्क के एक बड़े हिस्से को जानबूझकर कंक्रीट से पाट दिया गया है। जबकि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी का स्पष्ट नियम है कि पार्क में केवल 5% हिस्से पर ही वॉकिंग ट्रैक बनाया जा सकता है। यहाँ नियमों को ताक पर रखकर ह्यऑक्सीजन जोनह्व को खत्म किया जा रहा है। अवैध धार्मिक निर्माणः पार्क के भीतर दो साल पहले 10720 फीट का एक चबूतरा बनाया गया था। आरोप है कि नगर निगम अधिकारियों ने इसे पुराना निर्माण बताकर संरक्षण दिया, जिसके कारण आज वहाँ स्थायी कब्जों का जाल बिछ गया है।

श्री आर्य ने आरोप लगाया कि विधायक/सांसद निधि जैसे सार्वजनिक धन का उपयोग पार्क की हरियाली उजाड़ने के लिए किया जा रहा है, जो कि भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस) की धारा 324 के तहत दंडनीय अपराध है।

अधिकारियों की गुमराह करने वाली रिपोर्टः शिकायत में कहा गया है कि आई जी आर एस और आर टी आई के जवाब में अधिकारियों ने झूठी रिपोर्ट लगाकर उच्च अधिकारियों को गुमराह किया है, ताकि दोषियों को बचाया जा सके। 15 दिनों का अल्टीमेटम भाजपा नेता ने मांग की है कि पार्क को उसके मूल स्वरूप में बहाल किया जाए और अवैध टाइल्स व निर्माण को तत्काल हटाया जाए।

# सीएम विंडो शिकायतों के समाधान हेतु 22 दिसंबर को एसडीएम कार्यालय में लगेगा खुला दरबार

**सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन पवन शर्मा ने सीएम विंडो से संबंधित सभी शिकायतकर्ताओं से इस खुले दरबार में पहुंचने की अपील की**

» हरियाणा, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।



सीएम विंडो के अंतर्गत दर्ज शिकायतों के समाधान को लेकर एसडीएम बरवाला की अध्यक्षता में 22 दिसंबर 2025 दिन सोमवार को प्रातः 10 बजे एसडीएम कार्यालय में खुला दरबार लगाया जाएगा। सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा पवन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस खुले दरबार में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की समीक्षा की जाएगी और उनका मौके पर समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सभी शिकायतकर्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर स्वयं उपस्थित होकर अपनी शिकायतों से संबंधित नवीनतम जानकारी एवं दस्तावेज साथ लाएं, ताकि त्वरित कार्रवाई संभव हो सके। जिन शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का लंबे समय तक कोई समाधान नहीं हुआ है वो भी अपनी शिकायतों को इस खुले दरबार में लेकर आ सकता है। इस खुले दरबार में

नायब तहसीलदार, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, स्वास्थ्य, पशुपालन, जनस्वास्थ्य, लोक निर्माण, कृषि, वन, पुलिस, नगर परिषद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहेंगे।

सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा पवन शर्मा ने कहा कि सीएम विंडो सरकार की एक प्रभावी पहल है। जिसका उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस खुले दरबार से शिकायतकर्ताओं को राहत मिलेगी और प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।

## प्रदूषण को कम करने के लिए जल्द ईवी नीति लाएगी सरकार : पंकज सिंह

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि हमारी सरकार आने के बाद एक लाख से ज्यादा ईवी वाहनों का रजिस्टर किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण कम करने के लिए दिल्ली सरकार जल्द ही इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पर नीति लाएगी। डॉ. सिंह ने दिल्ली सचिवालय में शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन न मिलने के बहुत से कारण हैं। पिछली सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन को सब्सिडी नहीं दी थी। हमारी सरकार वह सब्सिडी दे रही हैं लेकिन अगर पिछली सरकार सब्सिडी देती तो प्रदूषण में कमी होती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नेतृत्व में प्रदूषण को कम करने के लिए सभी जरुरी उपाय किए जा रहे हैं। सिंह ने कहा कि जब हम सत्ता में आए, तो दिल्ली परिवहन विभाग में मात्र 300 बसें थीं; आज यह संख्या बढ़कर तीन हजार से ज्यादा हो गई है। दिल्ली सरकार बसों की संख्या मार्च 2026 तक 5,000 और नंवबर 2026 तक 7000 के पार कर देगी।

# पासपोर्ट नवीनीकरण के लिए यात्रा कार्यक्रम नहीं मांग सकता प्राधिकरण : सुप्रीम कोर्ट

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।



उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि देश के संवैधानिक ढांचे में स्वतंत्रता राज्य का उपहार नहीं, बल्कि उसका पहला दायित्व है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि पासपोर्ट नवीनीकरण के चरण में पासपोर्ट प्राधिकरण किसी व्यक्ति से भविष्य की यात्रा योजनाओं या वीजा की अनुसूची की मांग नहीं कर सकता। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति ए. जी. मसीह की पीठ ने कहा कि पासपोर्ट प्राधिकरण की भूमिका सीमित है। उसका दायित्व केवल यह जांचना है कि लंबित आपराधिक कार्यवाही के बावजूद संबंधित आपराधिक अदालत ने अपनी निगरानी में व्यक्ति को यात्रा की अनुमति देने का विकल्प खुला रखा है या नहीं। अदालत ने कहा कि नवीनीकरण के समय संभावित या अभी अस्तित्व में ही न होने वाली यात्राओं का विवरण मांगना तर्कसंगत नहीं है। पीठ ने कहा, कि हमारे संवैधानिक ढांचे में स्वतंत्रता राज्य का उपहार नहीं बल्कि उसका पहला दायित्व है। कानून के अधीन रहते हुए किसी नागरिक को आवागमन, यात्रा, आजीविका और अवसर प्राप्त करने की स्वतंत्रता भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रदत्त अधिकार का अभिन्न हिस्सा है।

अदालत ने यह भी रेखांकित किया कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता को प्रशासनिक औपचारिकताओं के नाम पर अनावश्यक रूप से सीमित नहीं किया जा सकता। यह आदेश महेश कुमार अग्रवाल की याचिका पर दिया गया। अग्रवाल झारखंड के रांची स्थित एनआईए की विशेष अदालत में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत कोयला ब्लॉक आवंटन घोटाले से जुड़े एक मामले में दोषी ठहराए जा चुके हैं और वर्तमान में मुकदमे का सामना कर रहे हैं। जमानत की शर्तों के तहत उन्होंने अपना पासपोर्ट अदालत में जमा किया हुआ था, लेकिन उनका पासपोर्ट वर्ष 2023 में समाप्त हो गया था। अग्रवाल ने पासपोर्ट के नवीनीकरण की अनुमति मांगी थी, जिसे कलकत्ता उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था। इसके बाद उन्होंने उच्चतम न्यायालय का रुख करते हुए क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, कोलकाता को पासपोर्ट नवीनीकरण का निर्देश देने की मांग की थी। शीर्ष अदालत ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए अग्रवाल के पक्ष में फैसला सुनाया और पासपोर्ट प्राधिकरण को उनका पासपोर्ट नवीनीकृत करने का निर्देश दिया। अदालत ने दोहराया कि नवीनीकरण के स्तर पर वीजा या भविष्य की यात्रा योजनाओं की मांग करना कानूनन उचित नहीं है।

## पायलट ने 7 साल की बच्ची के सामने उसके पापा को किया लहूलुहान



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 पर एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक ऑफ-ड्यूटी पायलट ने एक यात्री पर हमला कर दिया। पीड़ित यात्री अंकित दीवान ने सोशल मीडिया पर अपनी लहूलुहान तस्वीरें और पायलट की फोटो शेयर करते हुए पूरा वाकया बयां किया। उनके अनुसार, यह झगड़ा सिक्योरिटी चेक के दौरान लाइन तोड़ने को लेकर शुरू हुआ, जो हिंसक रूप ले लिया। इस हमले से उनकी सात साल की बेटी सदमे में है, जो पूरी घटना की गवाह बनी। अंकित दीवान परिवार सहित छुट्टियों पर जा रहे थे। उनके साथ चार महीने का शिशु स्ट्रोलर में था, इसलिए एयरपोर्ट स्टाफ ने उन्हें स्टाफ और विशेष जरूरत वाले यात्रियों की सिक्योरिटी लाइन इस्तेमाल करने की अनुमति दी। दीवान के मुताबिक, कई स्टाफ सदस्य उनकी आगे लाइन तोड़ रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो एयर इंडिया एक्सप्रेस के कैप्टन वीरेंद्र सेजवाल, जो खुद भी ऑफ-ड्यूटी थे और दूसरी एयरलाइन की फ्लाइट से यात्रा कर रहे थे, ने उनसे पूछा कि क्या वे अनपढ़ हैं और साइनबोर्ड नहीं पढ़ सकते, जहां लिखा था कि यह एंट्री स्टाफ के लिए है।

## संक्षिप्त खबरें

### झगड़े में जला दी थी थार गाड़ी, तीन गिरफ्तार

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** बिलासपुर थाना क्षेत्र में थार और वैगनार गाड़ी पर पेट्रोल डालकर आग लगाने के मामले में पुलिस ने मामा-भांजे समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान वजीराबाद निवासी राहुल (भांजा), सिधरावली गांव निवासी सुभाष (मामा) और पश्चिम बंगाल के जिला उत्तर दिनाजपुर के बशारतपुर गांव निवासी वारिस शेख को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को बिलासपुर थाना पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़ित ने बताया कि सोमवार रात करीब दो बजे उनके घर के बाहर खड़ी थार गाड़ी पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर गाड़ी को आग लगा दी गई है। थार गाड़ी में लगी आग की चपेट में आने से पास में ही खड़ी उनकी वैगन-आर गाड़ी में भी आग लग गई थी। इससे उनकी दोनों गाड़ियां पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थीं। पुलिस प्रवक्ता संदीप ने बताया कि बिलासपुर थाना पुलिस ने बृहस्पतिवार को तीनों आरोपियों को मानेसर से गिरफ्तार किया है।

### कंपनी में 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी में दो जूनियर मैनेजर गिरफ्तार

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** कंपनी में काम करने वाले दो जूनियर अकाउंट मैनेजर को 10 लाख रुपये के धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किया गया है। दोनों अपने साथी के साथ मिलकर कंपनी की तरफ से दी जाने वाली एजेंट की राशि को रिश्तेदारों के खाते में भेजते थे। कंपनी की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद के अमर विहार निवासी रंजन कुमार और जिला मैनपुरी के गुराई गांव निवासी अवनीश कुमार के रूप में हुई है। 13 अगस्त को हॉलीडे ट्राइंगल कंपनी की तरफ से सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया गया कि उनकी कंपनी टूर एंड ट्रेवल्स की सर्विस उपलब्ध करवाती है। जब कोई इनसे संपर्क करता है तो ये अपने एजेंट के माध्यम से उनको देश-विदेश में टूर एंड ट्रेवल्स की सर्विस उपलब्ध करवाते हैं। यह अपने एजेंट को खातों से पेमेंट करते हैं। इस काम को फाइनेंस डिपार्टमेंट का कर्मचारी अवनीश कुमार करता है। 22 मई 2025 को इन्हें कुछ ट्रांजेक्शन संदिग्ध लगी। इस पर कंपनी की तरफ से जांच की गई तो पता चला कि एजेंट के नाम पर फर्जी बैंक खातों में रुपये ट्रांसफर किए गए हैं।

### चोरी के मामले में दंपती समेत चार गिरफ्तार

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** पटौदी थाना क्षेत्र में दुकान से सरसों चोरी करने के मामले में अपराध शाखा फर्रुखनगर टीम ने दंपती समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान राजस्थान के जिला कोटपूतली-बहरोड के सुंदरपुरा गांव निवासी अरविंद, हिसार के कालर भैनी गांव निवासी भजनलाल, उसकी पत्नी चिड़िया और राजस्थान के जिला सीकर के कानीखोर गांव निवासी मंजीत के रूप में हुई है। पीड़ित ने तीन नवंबर को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 30 अक्तूबर की रात को उनकी दुकान से 18 से 20 सरसों के कट्टे चोरी हो कर लिए गए। पुलिस प्रवक्ता संदीप ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में बताया कि वह वेयरहाउस-मकान को टारगेट करते हैं फिर उसकी जाली काटकर अनाज चोरी करके ले जाते हैं। आरोपी भजनलाल पर चोरी करने, लूटपाट करने, डकैती करने, शस्त्र अधिनियम, मारपीट करने, अवैध हथियार के बल पर लूट करने के तहत हरियाणा और राजस्थान के विभिन्न जिलों में 53 अभियोग अंकित हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# बाल तस्करी और देह व्यापार पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

### इससे निपटने न्याय प्रणाली को और अधिक संवेदनशील होने की आवश्यकता

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।





देश में बाल तस्करी और देह व्यापार की गंभीर स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि यह सच्चाई ‘बेहद चिंताजनक’ है और इससे निपटने के लिए न्यायिक प्रणाली को अधिक संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि यौन तस्करी के पीड़ितों, विशेषकर नाबालिगों की गवाही को उचित महत्व और विश्वसनीयता दी जानी चाहिए।

न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि अदालतों को तस्करी की शिकार किसी नाबालिग पीड़िता के साक्ष्यों का मूल्यांकन करते समय उसकी सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों और कभी-कभी सांस्कृतिक असुरक्षा को ध्यान में रखना चाहिए। पीठ ने विशेष रूप से यह रेखांकित किया कि यदि पीड़िता किसी हाशिये पर पड़े, सामाजिक या सांस्कृतिक रूप से पिछड़े समुदाय से आती है, तो उसकी स्थिति और अधिक संवेदनशील हो जाती है।

शीर्ष अदालत ने ये महत्वपूर्ण टिप्पणियां लड़कियों की बाल तस्करी से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान कीं। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में पीड़ितों के बयान को सामान्य आपराधिक मामलों की तरह नहीं देखा जाना चाहिए। पीठ के अनुसार, तस्करी का शिकार बनी नाबालिग अक्सर भय, दबाव, सामाजिक कलंक और मानसिक आघात के कारण अपनी पूरी बात स्पष्ट रूप से नहीं रख पाती, जिसका असर उसके बयान में दिखाई दे सकता है। इसका यह अर्थ नहीं लगाया जाना चाहिए कि उसकी गवाही अविश्वसनीय है।

अदालत ने जोर देते हुए कहा कि पीड़ितों के साक्ष्य का न्यायिक मूल्यांकन संवेदनशीलता और यथार्थवाद के साथ किया जाना चाहिए। न्यायाधीशों को यह समझना होगा कि बाल तस्करी और देह व्यापार जैसे अपराधों में पीड़ित की स्थिति असमान शक्ति संतुलन, शोषण और मजबूरी से जुड़ी होती है। ऐसे में साक्ष्यों की तकनीकी कमियों पर अत्याधिक जोर देने से न्याय के उद्देश्य को नुकसान पहुंच सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी संकेत दिया कि बाल तस्करी केवल एक आपराधिक समस्या नहीं, बल्कि एक गंभीर सामाजिक संकट है, जिसके पीछे गरीबी, अशिक्षा, लैंगिक असमानता और सामाजिक बहिष्कार जैसे कई कारण जुड़े होते हैं। अदालत ने उम्मीद जताई कि निचली अदालतें और जांच एजेंसियां ऐसे मामलों में पीड़ित-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाएंगी।

## प्लॉट खरीदने का झांसा देकर 22 लाख की रंगदारी मांगने व सात लाख वसूलने का आरोप




» साहिबाबाद, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।

भनैड़ा खुर्द रिस्तल रोड पर जमीन खरीदने के नाम पर रंगदारी मांगने और वसूलने का मामला सामने आया है। असालतपुर गांव में रहने वाले व्यक्ति ने आरोपियों द्वारा सात लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की गई है।

असालतपुर गांव निवासी जाकिर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्हें प्लॉट खरीदना था। उन्हें भनैड़ा खुर्द रिस्तल रोड पर 99 लाख रुपये में प्लॉट पसंद आया था। प्लॉट की खरीदारी के लिए 40 लाख रुपये ऑनलाइन और 59 लाख रुपये रजिस्ट्री के समय देना तय हुआ था। कुछ समय बाद उनके फोन पर अंकित उर्फ टीटू ने फोन किया और प्लॉट के रुपये नहीं देने की बात कहने लगा। साथ में प्लॉट पर पैर भी नहीं रखने देने की धमकी दी। अंकित ने उनसे छह लाख रुपये की मांग की। कुछ दिन बाद अंकित उनके घर आया और डराया-धमकाया। इसके बाद उन्होंने अपनी पत्नी के खाते से 2.50 लाख रुपये उसके खाते में स्थानांतरित कर दिए और साढ़े चार लाख रुपये का चेक दिया, जो 27 सितंबर को बैंक से क्लीयर हो गया।

## फटाफट खबरें

### प्लॉट के नाम पर 26 लाख की ठगी, दंपति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** ग्राम जगोला स्थित प्लॉट खरीदने का झांसा देकर 26 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित द्वारा पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दी है। साहिबाबाद के लाजपत नगर में रहने वाले पीड़ित ने पुलिस की शिकायत दी है। हरजिंद्र सिंह निवासी लाजपतनगर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने श्याम पार्क निवासी सुप्रिया मुखर्जी और उनके पति सिद्धार्थ मुखर्जी से ग्राम जगोला स्थित प्लॉट का सौदा हुआ था। प्लॉट की कीमत करीब 42.73 लाख रुपये में तय हुई थी। सौदा तय होने के बाद करीब 26 लाख रुपये ऑनलाइन खाते में ट्रांसफर किए थे। बाकी पैसे रजिस्ट्री के दौरान देने थे।

### तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मारी

**लोनी, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** तेज रफ्तार ट्रक ने अंकुर विहार क्षेत्र की नसबंदी कॉलोनी में बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार दोनों युवक गिरकर घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। घायल के परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। अल्वी नगर कॉलोनी में रहने वाले अकबर अली ने बताया कि उनका बेटा फरहान अली और भतीजा अमन बाइक पर किसी कार्य से जा रहे थे। जब वह नसबंदी कॉलोनी के पास पहुंचे तो ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवक रोड पर जा गिरे। उन्होंने बताया कि टक्कर लगने से भतीजे अमन के दायें पैर की हड्डी टूट गई। घटना को अंजाम देने के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

### खुले में मटेरियल रखकर बेचने वालों के खिलाफ पालिका ने अभियान चलाया

**लोनी, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** खुले में मटेरियल रख कर बेचने वालों के खिलाफ लोनी नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने कार्रवाई की हैं। टीम ने शुक्रवार को लोनी के अलग-अलग इलाकों में कई लोगों पर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला है। टीम ने एक डंपर डस्ट जब्त किया गया। मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संजीव अवाना ने पालिका कर्मियों व पुलिस बल के साथ क्षेत्र में बढ़ते वायु प्रदूषण पर रोक थाम के लिए खुले में रोड़ी डस्ट बेचने वाले कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाया।

## बिजलीघर में एसएसओ और संविदाकर्मी रिश्वत लेते गिरफ्तार

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।



मोबाइल टावर को बिजली का कनेक्शन देने के लिए दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने बिजली विभाग के एसएसओ और संविदाकर्मी को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को शुक्रवार को अर्थला स्थित पीर के सामने से गिरफ्तार कर साहिबाबाद थाने को सौंपकर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

एंटी करप्शन निरीक्षक योगेंद्र धामा ने बताया कि विजयनगर थाना क्षेत्र के मिजार्पुर में रहने वाले शहनवाज ने कार्यालय पर शिकायत दर्ज कराई थी। बताया कि प्रताप विहार के बिजलीघर में तैनात एसएसओ जयवीर सिंह निवासी शास्त्रीनगर मोबाइल टॉवर के लिए बिजली कनेक्शन देने की एवज में 10 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे हैं। शिकायत पर मेरठ और गाजियाबाद भ्रष्टाचार निवारण टीम ने शुक्रवार को आरोपियों की धरपकड़ के लिए जाल बिछाया।

शहनवाज के साथ एक पुलिसकर्मी को भेजा गया। जब दोनों प्रताप विहार स्थित बिजलीघर पर पहुंचे तो एसएसओ जयवीर सिंह को फोन किया। जयवीर सिंह ने बताया कि वह अर्थला स्थित पीर के सामने हैं। एसएसओ ने शहनवाज को वहीं बुलाया। शहनवाज को अर्थला भेजा गया। जयवीर सिंह बाइक से पीर के सामने पहुंचा और 10 हजार रुपये अपने साथी रविंद्र कुमार निवासी राहुल विहार विजयनगर को देने को कहा। जैसे ही रविंद्र ने 10 हजार रुपये हाथों में लिए उसी दौरान मौजूद टीम ने दोनों को रंगेहाथ पकड़ लिया। पूछताछ में एसएसओ जयवीर सिंह ने बताया कि वह टीजी 2 के पद पर कार्यरत है.

## पासपोर्ट नवीनीकरण के लिए यात्रा कार्यक्रम नहीं मांग सकता प्राधिकरण : सुप्रीम कोर्ट

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि देश के संवैधानिक ढांचे में स्वतंत्रता राज्य का उपहार नहीं, बल्कि उसका पहला दायित्व है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि पासपोर्ट नवीनीकरण के चरण में पासपोर्ट प्राधिकरण किसी व्यक्ति से भविष्य की यात्रा योजनाओं या वीजा की अनुसूची की मांग नहीं कर सकता।



**न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति ए. जी. मसीह की पीठ ने कहा कि पासपोर्ट प्राधिकरण की भूमिका सीमित है।**

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति ए. जी. मसीह की पीठ ने कहा कि पासपोर्ट प्राधिकरण की भूमिका सीमित है। उसका दायित्व केवल यह जांचना है कि लंबित आपराधिक कार्यवाही के बावजूद संबंधित आपराधिक अदालत ने अपनी निगरानी में व्यक्ति को यात्रा की अनुमति देने का विकल्प खुला रखा है या नहीं। अदालत ने कहा कि नवीनीकरण के समय संभावित या अभी अस्तित्व में ही न होने वाली यात्राओं का विवरण मांगना तर्कसंगत नहीं है। पीठ ने कहा, कि हमारे संवैधानिक ढांचे में स्वतंत्रता राज्य का उपहार नहीं बल्कि उसका पहला दायित्व है। कानून के अधीन रहते हुए किसी नागरिक को आवागमन, यात्रा, आजीविका और अवसर प्राप्त करने की स्वतंत्रता भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रदत्त अधिकार का अभिन्न हिस्सा है। अदालत ने यह भी रेखांकित किया कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता को प्रशासनिक औपचारिकताओं के नाम पर अनावश्यक रूप से सीमित नहीं किया जा सकता।

यह आदेश महेश कुमार अग्रवाल की याचिका पर दिया गया। अग्रवाल झारखंड के रांची स्थित एनआईए की विशेष अदालत में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत कोयला ब्लॉक आवंटन घोटाले से जुड़े एक मामले में दोषी ठहराए जा चुके हैं और वर्तमान में मुकदमे का सामना कर रहे हैं। जमानत की शर्तों के तहत उन्होंने अपना पासपोर्ट अदालत में जमा किया हुआ था, लेकिन उनका पासपोर्ट वर्ष 2023 में समाप्त हो गया था। अग्रवाल ने पासपोर्ट के नवीनीकरण की अनुमति मांगी थी, जिसे कलकत्ता उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था। इसके बाद उन्होंने उच्चतम न्यायालय का रुख करते हुए क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, कोलकाता को पासपोर्ट नवीनीकरण का निर्देश देने की मांग की थी। शीर्ष अदालत ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए अग्रवाल के पक्ष में फैसला सुनाया और पासपोर्ट प्राधिकरण को उनका पासपोर्ट नवीनीकृत करने का निर्देश दिया। अदालत ने दोहराया कि नवीनीकरण के स्तर पर वीजा या भविष्य की यात्रा योजनाओं की मांग करना कानूनन उचित नहीं है।

## गलत दिशा में प्रवेश को लेकर हुआ झगड़ा, सुरक्षाकर्मियों ने मर्सिडीज गाड़ी में की तोड़फोड़

» गुरुग्राम, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।



सेक्टर-39 में स्थित साइबर पार्क में बृहस्पतिवार रात को पार्किंग के नियमों और बैरिगेट्स को हटाने को लेकर मर्सिडीज सवार कपल और सुरक्षाकर्मियों के बीच झगड़ा हो गया। पार्किंग में गलत दिशा से प्रवेश को लेकर हुई कहासुनी होने पर सुरक्षाकर्मियों ने गाड़ी में डंडे से तोड़फोड़ की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के चार युवकों के खिलाफ निवारक कार्यवाही की है। इस कार्यवाही के तहत चारों युवकों को प्रकार का झगड़ा ना करने के लिए पाबंद किया जाता है और महीने में एक बार डीसीपी कार्यालय आकर हाजरी देनी होती है।

इस्लामपुर गांव निवासी चमन अपनी मर्सिडीज कार से एक युवती के साथ साइबर पार्क पहुंचे थे। चमन ने कार को निकासी द्वार से अंदर ले जाने का प्रयास किया तो मौके पर तैनात सुरक्षा गार्ड अंकित ने पार्किंग नियमों का हवाला देते हुए उन्हें रोक दिया और सही दिशा से गाड़ी लाने के लिए कहा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। कहासुनी के बाद दोनों आपस में मारपीट करने लगे इसमें दोनों युवकों को चोट आई। सूचना मिलते ही झाड़सा पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और दोनों को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले गई। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों ने लाठी-डंडे लेकर लग्जरी मर्सिडीज कार के फ्रंट शीशे और खिड़कियों को तोड़ते कर दी। देर रात हुई इस तोड़फोड़ का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में सुरक्षाकर्मी कार पर लाठियां बरसाते और चिल्लाते दिख रहे हैं। घटना के बाद साइबर पार्क में काफी देर तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही और बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए।

**चमन ने कार को निकासी द्वार से अंदर ले जाने का प्रयास किया तो मौके पर तैनात सुरक्षा गार्ड अंकित ने पार्किंग नियमों का हवाला देते हुए उन्हें रोक दिया और सही दिशा से गाड़ी लाने के लिए कहा।**

पुलिस प्रवक्ता संदीप ने बताया कि अंकित कुमार, आकाश, हरिओम और चमन के खिलाफ कार्यवाही की गई है। पूछताछ में पता चला कि अंकित, आकाश और हरिओम तीनों साइबर पार्क में सुरक्षाकर्मी है। चमन साइबर पार्क में ही स्थित एक कंपनी में नौकरी करता है। अंकित और चमन के बीच बैरीगेट्स हटाने को लेकर कहासुनी हो गई थी.

# नया स्मार्टफोन मोटो जी पॉवर (2026) लॉन्च

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।**

स्मार्टफोन निमार्ता कंपनी मोटोरोला ने बजट सेगमेंट में अपना नया स्मार्टफोन मोटो जी पॉवर (2026) लॉन्च कर दिया है। फोन में 6.8 इंच का एफएचडी प्लस एलसीडी डिस्प्ले दिया गया है, जो 120 एचझेड रिफ्रेश रेट और 1000 निट्स तक की ब्राइटनेस सपोर्ट करता है। स्क्रीन की सुरक्षा के लिए कमिंग गोरिल्ला ग्लास 7 आई का इस्तेमाल किया गया है। मोटो जी पॉवर (2026) मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 ऑक्टा-कोर प्रोसेसर पर चलता है और इसमें 8 जीबी रैम के साथ 128 जीबी यूएफएस 2.2 स्टोरेज मिलती है, जिसे माइक्रो एसडी कार्ड से 1टीबी तक बढ़ाया जा सकता है। यह फोन एंड्राइड 16 पर आधारित मायलक्स के साथ आता है। कैमरा सेगमेंट में फोन



50एमपी ओआईएस सपोर्ट वाले प्राइमरी कैमरा और 8 एमपी अल्ट्रा-वाइड लेंस से लैस है, जबकि फ्रंट में 32एमपी का सेल्फी कैमरा दिया गया है। फोन की 5200एमएएच बैटरी 30वॉट फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है। ऑडियो के लिए इसमें स्टीरियो स्पीकर, डोल्बी डोल्बी अटमॉस और 3.5 एमएम हेडफोन जैक दिया गया है। कनेक्टिविटी फीचर्स में 5जी एसए/एनएसए, डुअल सिम प्लस ईसिम, वायफाय एसी, ब्ल्यूटूथ 5.3, एनएफसी और यूएसबी-सी पोर्ट शामिल हैं।

मोटो जी पॉवर (2026) आईपी68 और आईपी69 रेटिंग के साथ वाटर व डस्ट रेसिस्टेंट है और एमआईएल-एसटीडी 810 एच सर्टिफिकेशन के साथ आता है। इस स्मार्टफोन की कीमत करीब 299.99 डॉलर (लगभग 27,100 रुपये) रखी गई है। यह जनवरी 2026 से कनाडा और यूके में बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। यह फोन उन यूजर्स को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो किफायती दाम में परफॉर्मेंस, कैमरा और ड्यूरेबिलिटी तीनों चाहते हैं।

## जीप इंडिया के लिए नवंबर 2025 रहा निराशाजनक

**नई दिल्ली , यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** जीप इंडिया के लिए नवंबर 2025 निराशाजनक साबित हुआ। जीप इंडिया कंपनी की कुल मासिक बिक्री सिर्फ 253 यूनिट रही, जिसके चलते जीप सीधे बिक्री रैंकिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गई। यह आंकड़ा दशार्ता है कि दमदार ब्रांड इमेज के बावजूद जीप भारतीय बाजार में अपनी पकड़ मजबूत नहीं कर पा रही है। मॉडल-वाइज बिक्री पर नजर डालें तो जीप कंपास सबसे ज्यादा बिकने वाला मॉडल रहा, जिसकी 157 यूनिट बिकीं। इसके बाद जीप मेरिडियन की 63 यूनिट, जीप रैंगलर की 19 यूनिट और जीप ग्रैंड चेरोकी की सिर्फ 14 यूनिट बिक्री दर्ज की गई। साफ है कि कंपनी की बिक्री अब भी कंपास पर ही टिकी हुई है, जबकि बाकी मॉडल सीमित ग्राहकों तक ही सिमट गए हैं। जीप इंडिया के पोर्टफोलियो में फिलहाल केवल चार एसयूवी मॉडल मौजूद हैं। इसके बावजूद 300 यूनिट से कम बिक्री कंपनी के लिए चिंता का विषय है, खासकर तब जब इसी सेगमेंट में टाटा, महिंद्रा, हुंडई और मारुति जैसे ब्रांड हजारों गाड़ियां बेच रहे हैं।

पिछले छह महीनों के बिक्री आंकड़े भी ज्यादा उत्साहजनक नहीं रहे हैं और सेल्स लगातार कम स्तर पर बनी हुई है। विशेषज्ञों के मुताबिक जीप की कमजोर बिक्री के पीछे कई कारण हैं। इनमें सीमित मॉडल लाइन-अप, अपेक्षाकृत ज्यादा कीमत, महंगा मेंटेनेंस और कमजोर सर्विस नेटवर्क शामिल हैं। इसके अलावा भारतीय ग्राहकों का झुकाव अब ज्यादा फीचर-लोडेड और किफायती एसयूवी की ओर बढ़ रहा है।

## फटाफट खबरें

### भारत में ओपनएआई, गूगल और परप्लेक्सिटी ने एआई टूल्स मुफ्त किए

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** ओपनएआई, गूगल और परप्लेक्सिटी ने भारत में अपने प्रीमियम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल्स को मुफ्त में उपलब्ध कराना शुरू किया है। इसका मुख्य उद्देश्य भारतीय यूजर्स की संख्या तेजी से बढ़ाना है। भारत दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल बाजारों में से एक है, जहां लगभग 73 करोड़ स्मार्टफोन यूजर्स हैं और मोबाइल डेटा दुनिया में सबसे सस्ता है। यूजर्स हर महीने लगभग 21 गीगाबाइट डेटा इस्तेमाल करते हैं और प्रति गीगाबाइट केवल 9.2 सेंट का भुगतान करते हैं, जिससे एआई टूल्स का इस्तेमाल और किफायती हो जाता है।

### भारत के बैंकों में ताबड़तोड़ हिस्सेदारी खरीद रहीं विदेशी कंपनियां

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** 2025 में भारतीय फाइनेंशियल सेक्टर विदेशी निवेशकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण बनकर उभरा है। जापान, यूएई और अमेरिका की बड़ी वित्तीय संस्थाओं ने भारतीय बैंकों और एनबीएफसी में भारी निवेश किया है। पहली नजर में ये सौदे सामान्य साझेदारी जैसे दिखते हैं, लेकिन गहराई से देखने पर यह भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति और तेज क्रेडिट ग्रोथ पर विदेशी भरोसे को दशार्ते हैं। इस साल का सबसे बड़ा सौदा दिसंबर में सामने आया, जब जापान की मित्सुबिशी यूएफजे फाइनेंशियल ग्रुप (एमयूएफजी) ने श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड में 20 फीसदी हिस्सेदारी करीब 39,618 करोड़ रुपये में खरीदने का फैसला किया। इससे पहले मई में जापान की ही सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन (एसएमबीसी) ने यस बैंक में 20 फीसदी हिस्सेदारी 13,483 करोड़ रुपये में खरीदी थी। इन सौदों से साफ है कि जापानी बैंक भारत को दीर्घकालिक ग्रोथ मार्केट मान रहे हैं। यूएई के एमिरेट्स एनबीडी बैंक ने आरबीएल बैंक में 60 फीसदी बहुमत हिस्सेदारी 26,853 करोड़ रुपये में खरीदने का फैसला किया। वहीं अबू धाबी स्थित एवेनीर इन्वेस्टमेंट ने सम्मान कैपिटल में 43.46 फीसदी हिस्सेदारी लगभग 9,000 करोड़ रुपये में लेने की सहमति दी है।

## टाटा मोटर्स का इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री में दबदबा कायम

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** टाटा मोटर्स ने देश में इलेक्ट्रिक फोर-व्हीलर सेगमेंट में अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी है। वित्त वर्ष 2025 (एफवाय2025) की बिक्री के आंकड़े बताते हैं कि टाटा मोटर्स ने इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री में ऐसा दबदबा कायम किया है, जिसके आसपास भी फिलहाल कोई दूसरी कंपनी नजर नहीं आती।

एफवाय2025 में टाटा मोटर्स ने कुल 61,443 इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री की। यह आंकड़ा अपने आप में इतना बड़ा है कि हुंडई और महिंद्रा जैसी दिग्गज कंपनियां भी इससे काफी पीछे रह गईं। दूसरे नंबर पर रही एमजी मोटर्स ने 36,585 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, जबकि महिंद्रा 12,890 यूनिट्स के साथ तीसरे स्थान पर रही। हुंडई की इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 3,970 यूनिट्स तक सिमट गई, वहीं किआ ने केवल 828 इलेक्ट्रिक कारें बेचीं। इन पांच कंपनियों ने मिलकर एफवाय2025 में कुल 1,15,716 इलेक्ट्रिक फोर-व्हीलर्स की बिक्री की।

# यूके में नई ट्रैकर 400 बाइक लॉन्च

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** अपनी 400सीसी रेंज को और मजबूत करते हुए ट्रायम्फ मोटरसाइकिल्स ने यूके में नई ट्रैकर 400 लॉन्च कर दी है। यूके में इसकी बुकिंग रिफंडेबल राशि पर शुरू हो चुकी है। ट्रैकर 400 का डिजाइन इसे बाकी 400सीसी बाइक्स से अलग बनाता है। गोल हेडलैंप, फ्लैट सीट लाइन, चौड़ा हैंडलबार, कम बॉडीवर्क और ऊपर की ओर उठा हुआ एग्जॉस्ट इसे एक क्लासिक लेकिन स्पोर्टी लुक देते हैं। बाइक को एल्युमिनियम सिल्वर, रेसिंग येलो और फैंटम ब्लैक जैसे तीन रंगों में उतारा गया है।

इंजन की बात करें तो ट्रैकर 400 में 398सीसी का लिक्विड-कूल्ड, सिंगल-सिलेंडर इंजन दिया गया है, जो 42 पीएस की पावर और 37.5 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। इसे 6-स्पीड गियरबॉक्स और स्लिप-असिस्ट क्लच के साथ जोड़ा गया है। यह सेटअप बाइक को फ्री-रेविंग और अग्रेसिव राइडिंग कैरेक्टर देता है। फीचर्स के तौर पर इसमें डुअल-चैनल एबीएस, स्विचेबल ट्रैक्शन कंट्रोल, ऑल-एलईडी लाइटिंग और आधुनिक इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दिया गया है।

173 किलोग्राम वजन, 13 लीटर फ्यूल टैंक और करीब 28



किमी प्रति लीटर माइलेज के साथ ट्रायम्फ ट्रैकर 400 350-450सीसी सेगमेंट में एक मजबूत विकल्प के रूप में सामने आई है। खास फ्लैट-ट्रैक रेसिंग से प्रेरित डिजाइन और दमदार परफॉर्मेंस के साथ यह बाइक उन राइडर्स के लिए पेश की गई है, जो स्टाइल के साथ लंबी और आरामदायक राइड चाहते हैं।

## भारत का एआई टैलेंट बेस 2027 तक दोगुना होने की उम्मीद




» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।**

भारत का एआई टैलेंट बेस 2027 में दोगुना होने की उम्मीद है। यह जानकारी इंडस्ट्री के अनुमानों में दी गई। देश में बढ़ता एआई टैलेंट बेस ग्लोबल डेवलपर्स में भारतीयों की बढ़ती भागीदारी से भी दिखाता है। गिटहब एआई प्रोजेक्ट्स में भारत 2024 में दूसरे नंबर पर था और कुल एआई प्रोजेक्ट्स में हिस्सेदारी 19.9 प्रतिशत थी।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार, ह्ययह भारत के एआई डेवलपर इकोसिस्टम की गहराई को रेखांकित करता है। यह इंडियाएआई मिशन के तहत बड़े पैमाने पर एआई कौशल विकास, अनुसंधान और इनोवेशन पर सरकार के फोकस को भी प्रमाणित करता है। भारत की एआई रणनीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टेक्नोलॉजी के लोकतंत्रीकरण के विजन पर आधारित है इसका उद्देश्य भारत केंद्रित चुनौतियों का समाधान करना और एआई में अवसर और रोजगार सृजित करना है।

एआई से संबंधित नौकरियां आईटी, विनिर्माण, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, प्रशासन आदि जैसे कई क्षेत्रों में फैली हुई हैं। इन क्षेत्रों में एआई के बढ़ते उपयोग के साथ-साथ कुशल पेशेवरों की मांग भी बढ़ रही है।

भारत सरकार इस बात को समझती है और उसने अपनी एआई पहलों को इसी दिशा में संरेखित किया है। भारत के एआई कार्यबल के बारे में वैश्विक आकलन में भी यह बात झलकती है। स्टैनफोर्ड एआई इंडेक्स रिपोर्ट 2025 के अनुसार, भारत एआई टैलेंट अधिग्रहण में विश्व में अग्रणी है, जिसकी वार्षिक भर्ती दर लगभग 33 प्रतिशत है और एआई स्किल फैलाने में वैश्विक स्तर पर शीर्ष देशों में शुमार है। 2016 से लेकर अब तक देश में एआई टैलेंट का केंद्रीकरण तीन गुना से अधिक बढ़ गया है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल में भारत शीर्ष तीन देशों में शुमार है, जो एआई टैलेंट और इन्फ्रास्ट्रक्चर में इसकी बढ़ती ताकत को दर्शाता है।

## निफ्टी 50 मजबूत, स्मॉलकैप शेयरों की हालत खराब

छोटे शेयरों में गिरावट और अस्थिरता देखते हुए निवेशकों को सावधानी बरतनी चाहिए

**मुंबई, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** भारतीय शेयर बाजार का प्रमुख सूचकांक निफ्टी 50 फिलहाल अपने 52 सप्ताह के उच्च स्तर के करीब है। यह संकेत देता है कि बड़े और स्थिर शेयर निवेशकों के बीच भरोसे का केंद्र बने हुए हैं। निवेशक इस समय जोखिम कम रखना पसंद कर रहे हैं और अधिकतर पूंजी बड़ी कंपनियों में लगा रहे हैं। हालांकि, गहराई से देखें तो स्थिति बिल्कुल अलग है। बीएसई 500 और निफ्टी स्मॉलकैप 250 इंडेक्स में अधिकांश छोटे शेयर अपने 52 सप्ताह के उच्च स्तर से 20 से 69 फीसदी तक




नीचे हैं। बीएसई 500 में हर चौथा शेयर औसतन 30 फीसदी नीचे है। स्मॉलकैप सेगमेंट में केवल 10 शेयर ही अपने शिखर के करीब हैं। इसका मतलब है कि छोटे शेयरों में निवेशकों का विश्वास फिलहाल कमजोर है। छोटे शेयर वैश्विक और घरेलू मैक्रो इवेंट्स के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। इस साल रुपए की कमजोरी और अंतरराष्ट्रीय व्यापार नीति जैसे ट्रंप टैरीफ का असर स्मॉलकैप कंपनियों पर तेजी से दिखा है। इसी वजह से निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं और छोटे शेयर पिछड़ रहे हैं। बाजार की सतह (निफ्टी 50) को देखकर पूरी तरह तेजी का अनुमान लगाना सही नहीं है। छोटे शेयरों में गिरावट और अस्थिरता देखते हुए निवेशकों को सावधानी बरतनी चाहिए।

## म्यूचुअल फंड की फीस पर अब पूरा हिसाब देना होगा

### 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे नए नियम

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।**

म्यूचुअल फंड में निवेश करने वाले ज्यादातर लोग एनएवी और रिटर्न पर नजर रखते हैं, लेकिन एक्सपेंस रेशियो (टीईआर) को अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि यही एक्सपेंस रेशियो वह शुल्क है जो म्यूचुअल फंड हाउस हर साल निवेशकों से वसूलता है और यह राशि रोजाना एनएवी से कटती रहती है। लंबे समय में यही खर्च निवेशक के रिटर्न को काफी हद तक प्रभावित करता है। अब इस मुद्दे पर सेबी ने बड़ा कदम उठाया है। सेबी के ये नियम 1 अप्रैल 2026 से




लागू होंगे। रेगुलेटर का मानना है कि इससे निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा और म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में पारदर्शिता मजबूत होगी। एक्सपेंस रेशियो वह सालाना फीस है जो फंड हाउस फंड को मैनेज करने के बदले लेता है। इसमें फंड मैनेजमेंट फीस, प्रशासनिक खर्च, मार्केटिंग और डिस्ट्रीब्यूटर को दिया जाने वाला कमीशन शामिल होता है। यह सीधे निवेशक की जेब से नहीं कटता, बल्कि एनएवीमें समायोजित होता है, इसलिए कई निवेशकों को इसकी सही जानकारी नहीं हो पाती। दिसंबर 2025 में घोषित नए नियमों के तहत अब फंड हाउस को सिर्फ कुल टीईआर बताना काफी नहीं होगा। उन्हें खर्चों का पूरा ब्रेकडाउन सार्वजनिक करना होगा। यानी साफ-साफ बताना होगा कि कितना पैसा फंड मैनेजमेंट, एडमिन खर्च और डिस्ट्रीब्यूटर कमीशन पर गया। इससे रिटेल निवेशक अलग-अलग फंड्स की आसानी से तुलना कर सकेंगे। वे देख पाएंगे कि कौन सा फंड कम खर्च में बेहतर वैल्यू दे रहा है। कम टीईआर का मतलब है लंबे समय में ज्यादा नेट रिटर्न।

## आज का सुविचार

हर दिन एक नया अवसर है, अपने जीवन को बदलने का

# दिल्ली में बाहरी वाहनों के प्रवेश पर रोक के लिए 24 घंटे पिकेट चेकिंग, सैकड़ों की नो एंट्री

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।

राजधानी में प्रदूषण की मात्रा बहुत अधिक होने के कारण ग्रेप-4 लागू हैं। सर्दियों में प्रदूषण में पीएम 10 में वाहनों का योगदान लगभग 19.7 प्रतिशत और पीएम 2.5 में 25.1 प्रतिशत रहा है। ऐसे में राष्ट्रीय राजधानी में ग्रेप-4 लागू होते ही ट्रैफिक पुलिस ने सख्त कदम उठाने शुरू किए हैं। दिल्ली पुलिस ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर सभी छोटे-बड़े बॉर्डरों पर 24 पिकेट लगाकर चेकिंग शुरू कर दी है। मानकों को पूरा नहीं करने वाले या फिर प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को दिल्ली में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। उन्हें वापस भेजा जा रहा है। दिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक डिवीजन) नीरज ठाकुर ने बताया कि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को दिल्ली में प्रवेश से पहले रोकने के लिए बॉर्डरों पर 24 घंटे पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। मानकों को पूरा नहीं करने वाले ट्रकों व वाहनों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने के अलावा वापस भेजा जा रहा है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की सहायता के लिए सभी 15 जिलों से जो 400 पुलिसकर्मी मिले हैं उन्हें बॉर्डरों पर तैनात किया गया है।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की नई दिल्ली रेंज के पुलिस



उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि उनकी रेंज में कुल 11 बॉर्डर हैं। उन्हें जिला पुलिस के 40 जवान मिले हैं। सभी को ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के साथ बॉर्डरों पर वाहनों की चेकिंग में लगाया गया है। यमुना पार कुल 46 बॉर्डर पड़ते हैं। शाहदरा जिले में 7 बॉर्डर हैं। शाहदरा जिले ने 35 पुलिसकर्मी दिल्ली ट्रैफिक पुलिस को दिए हैं। विशेष पुलिस आयुक्त ने बताया कि इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस की 37 प्रखर वैन भी तैनात की गई हैं।

### सर्दियों में क्यों बढ़ता है प्रदूषण

आईआईटी कानपुर द्वारा किए गए वायु प्रदूषण और ग्रीनहाउस गैसों पर व्यापक अध्ययन के अनुसार सर्दियों में पीएम 10 में वाहनों का योगदान लगभग 19.7 प्रतिशत और पीएम 2.5 में 25.1 प्रतिशत है और गर्मियों में पीएम 10 में लगभग 6.4 प्रतिशत और पीएम 2.5 में 8.5 प्रतिशत है। इसके अलावा, वार्षिक उत्सर्जन के आधार पर, शहर में सीएच 4 उत्सर्जन में वाहनों का योगदान लगभग 18 प्रतिशत, एन2ओ उत्सर्जन में 92 प्रतिशत और सीओ 2 उत्सर्जन में 30 प्रतिशत है। अध्ययन के अनुसार, सर्दियों में पीएम 10 में निर्माण सामग्री का योगदान लगभग 3.1 प्रतिशत और पीएम 2.5 में 1.5 प्रतिशत है।

### ग्रेप स्टेज-4 (गंभीर+) में प्रतिबंध

दिल्ली में ट्रक यातायात का प्रवेश पूरी तरह बंद है। (आवश्यक वस्तुओं/आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाले ट्रकों को छोड़कर...) दिल्ली में पंजीकृत डीजल संचालित बीएच-4 और उससे नीचे के भारी माल वाहनों (एचजीवी) के चलने पर सख्त प्रतिबंध लागू है। (दिल्ली में आवश्यक वस्तुओं/आवश्यक सेवाओं को ले जाने वाले वाहनों को छोड़कर) पीयूसीसी के बिना वाहनों को पेट्रोल नहीं मिलेगा। एएनपीआर या अन्यथा के माध्यम से पहचाने गए सभी वाहन, जो पेट्रोल पंपों से पेट्रोल लेते समय वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र के बिना पाए जाते हैं।

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।

ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने शुक्रवार को अभियंता कार्यालयों के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। कर्मचारी करीब दो घंटे तक पॉलिसी के विरोध में नारेबाजी करते रहे। कर्मचारियों ने सेक्टर-23, सेक्टर-15, सेक्टर -68 और सेक्टर छह स्थित अभियंता कार्यालयों में पॉलिसी के खिलाफ विरोध जताया।

हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन के कर्मचारियों ने कहा कि निगम




प्रबंधन इस तरह की शोषणकारी नीतियां लेकर आ रही हैं जो बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। तकनीकी कर्मचारी का काम जोखिम पूर्ण होता है। ऐसे में वह जब इस पॉलिसी से किसी नई पोस्टिंग पर जाएगा तो

**हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन के कर्मचारियों ने कहा कि निगम प्रबंधन इस तरह की शोषणकारी नीतियां लेकर आ रही हैं जो बिल्कुल बर्दाश्त नही की जाएंगी।**

उसे नए क्षेत्र का बिल्कुल ज्ञान नहीं होगा, जिसकी वजह से कर्मचारी को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि ऐसे में बिजली की कौन सी लाइन किस फीडर से कनेक्ट है, इसकी पूर्ण जानकारी के बगैर कर्मचारी काम नहीं कर पाएगा। वह दुर्घटना का शिकार हो सकता है। ट्रांसफर पॉलिसी की वजह से बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं में इजाफा होगा और निगम का भी आर्थिक नुकसान होगा। यूनियन के नेताओं ने बताया कि कर्मचारी हितों की बात करने वाली सरकार और निगम प्रबंधन को इस पॉलिसी पर रोक लगाने पर विचार करना चाहिए।

प्रदर्शन के इस मौके पर मामचन्द, राजेश शर्मा, अमरचन्द, सुभाष, सुशील, महेन्दर, सुमेर, हितेश, नसीब हिंदुस्तानी, विजय, लेखराज चौधरी सहित कई कर्मचारी नेता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### यमुना किनारे बाढ़ से बचाव की तैयारियों का डीसी ने लिया जायजा

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** बाढ़ से बचाव और किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए उपायुक्त (डीसी) आयुष सिन्हा ने यमुना नदी के किनारे बने रेनीवेल और पुलों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने किदावली गांव, ददसिया रोड स्थित रेनीवेल और बुढ़िया नाले के पुल का दौरा कर मौके पर व्यवस्थाओं की स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान डीसी ने बाढ़ नियंत्रण से जुड़ी तैयारियों, नदी के जलस्तर की निगरानी, तटबंधों की हालत और राहत कार्यों की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने रेनीवेल की कार्यप्रणाली, जल आपूर्ति क्षमता, मशीनों की स्थिति और उनके रखरखाव का भी निरीक्षण किया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ से निपटने के लिए जरूरी सभी संसाधन समय रहते उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने पुलों, पुलियाओं और संपर्क मार्गों पर विशेष ध्यान देने को कहा और यदि कहीं नुकसान या टूटने की आशंका हो तो तुरंत मरम्मत कराने के निर्देश दिए। डीसी ने तटबंधों को मजबूत रखने, पानी निकासी की सही व्यवस्था, पंप सेटों को चालू हालत में रखने और जरूरत के अनुसार लाइफ जैकेट सहित अन्य जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा।

### किशोर को बेरहमी से पीटा, जबरन गोबर खिलाया

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** सेक्टर-8 में किशोर के साथ मारपीट करने और उसे गोबर खिलाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में शुक्रवार को नाबालिग समेत दो लोगों को पकड़ लिया। अन्य आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दबंगई और सरेआम गुंडागर्दी की यह घटना 14 दिसंबर को हुई थी। 15 साल का किशोर रात में खाना खाने के लिए जा रहा था। रास्ते में मुख्य आरोपी आकाश वाल्मीकि ने अपने कुछ अन्य साथियों के साथ उसे घेर लिया। आरोपियों ने पहले तो पीड़ित साथ गाली-गलौज की। जब उसने विरोध किया तो उसे बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। मारपीट के दौरान ही आरोपियों ने किशोर को जमीन पर गिरा दिया और उसके मुंह में गोबर ठूंस दिया।

# शेयर मार्केट निवेश के नाम पर 7.92 लाख की ठगी में एक गिरफ्तार

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।

शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर 7 लाख 92 हजार रुपये की ठगी के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने एक अहम आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ठगों को बैंक खाते उपलब्ध करवाने का काम करता था।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-34 फरीदाबाद निवासी व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पिता से व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क कर ठगों ने उन्हें एक एप डाउनलोड करवाया। ठगों ने शेयर मार्केट में अधिक मुनाफे का लालच देकर उनसे अलग-अलग किश्तों में कुल 7.92 लाख



रुपये निवेश करवा लिए।

कुछ समय बाद वह एप अचानक बंद हो गई और ठगी का एहसास हुआ। शिकायत के आधार पर साइबर थाना सेंट्रल में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने लुधियाना (पंजाब) निवासी विजय कुमार को गिरफ्तार किया।

# डेटा का नहीं हो रहा मिलान, कई लाभार्थियों की पेंशन रोकी

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।

जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशन पर निर्भर सैकड़ों परिवार इन दिनों असमंजस की स्थिति में हैं। समाज कल्याण विभाग की ओर से किए जा रहे आधार कार्ड और परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) के डेटा मिलान के चलते 1500 से अधिक लाभार्थियों की मासिक पेंशन पर रोक लग गई है। पेंशन न मिलने से बुजुर्ग, विधवा, निराश्रित और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों को रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है।

पेंशन बंद होने के बाद प्रभावित लाभार्थी समाधान की उम्मीद में सेक्टर-15ए स्थित जिला समाज कल्याण कार्यालय और नागरिक संसाधन सूचना विभाग के दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें स्पष्ट जवाब नहीं मिल पा रहा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार अब सभी योजनाओं को परिवार पहचान पत्र से पूरी तरह जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है, जिसके दौरान कई तरह की त्रुटियां सामने आई हैं।

कई मामलों में लाभार्थियों की जन्मतिथि आधार और पीपीपी में अलग-अलग दर्ज है, जबकि कुछ लोगों की पारिवारिक आय पीपीपी में तय सीमा से अधिक दिखाई जा रही है। इन्हीं तकनीकी कारणों के चलते पेंशन अस्थायी रूप से रोकी गई है। उल्लेखनीय है कि जिले में बुजुर्ग सम्मान भत्ता, विधवा पेंशन, लाडली योजना, कैंसर व निराश्रित पेंशन जैसी योजनाओं के तहत 1.80 लाख से अधिक लोगों को हर महीने सहायता राशि दी जाती है। पहले यह पेंशन व्यवस्था विभागीय पोर्टल के जरिए संचालित होती थी और परिवार पहचान पत्र से अनिवार्य रूप से लिंक नहीं था। अब




**पेंशन बंद होने के बाद प्रभावित लाभार्थी समाधान की उम्मीद में सेक्टर-15ए स्थित जिला समाज कल्याण कार्यालय और नागरिक संसाधन सूचना विभाग के दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें स्पष्ट जवाब नहीं मिल पा रहा है।**

अचानक हुए सत्यापन से बड़ी संख्या में लाभार्थी प्रभावित हुए हैं। लोगों की मांग है कि त्रुटियों को सुधारने के लिए विशेष शिविर लगाए जाएं और जब तक सुधार पूरा न हो, तब तक रोकी गई पेंशन बहाल की जाए।

### लाभार्थियों को किया जा रहा फोन

जिला समाज कल्याण अधिकारी ममता शर्मा ने बताया कि जिन लाभार्थियों की पेंशन अस्थायी रूप से रोकी गई है, उनसे विभाग की ओर से व्यक्तिगत रूप से फोन कर संपर्क किया जा रहा है। लाभार्थियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। दस्तावेजों की जांच के बाद उनका डाटा ऑनलाइन अपडेट किया जाएगा, जिससे पेंशन फिर शुरू की जा सकेगी।

# नशे की हालत में कार चालक ने मर्सिडीज और थार में मारी टक्कर

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** दिल्ली-आगरा नेशनल हाईवे पर ओल्ड फरीदाबाद मेट्रो स्टेशन के पास बृहस्पतिवार देर रात कार चालक ने कई वाहनों को टक्कर मार दी। वहीं हादसे में एक व्यक्ति घायल हुआ है। जानकारी के अनुसार नशे में धुत्त स्कॉर्पियो चालक ने पहले मर्सिडीज और फिर एक थार में टक्कर मार दी। स्कॉर्पियो की रफ्तार इतनी तेज थी कि दोनों गाड़ियों को भारी नुकसान हुआ है। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी स्कार्पियो चालक की पहचान स्प्रिंग फील्ड कॉलोनी निवासी 19 वर्षीय देवव्रत के रूप में हुई है। वह चंडीगढ़ के मोहाली स्थित एक शिक्षण संस्थान ने रेडियोलोजिस्ट में बीएससी फर्स्ट ईयर का छात्र है। उसके पिता दिल्ली में किसी संस्थान में इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। पुलिस को प्राथमिक जांच में जानकारी मिली है कि आरोपी ने शराब पी राखी थी।





लाटीविया में डार्टा नेमाने आईबीएसएफ विश्वकप में महिलाओं की स्केलीटोन रेस में भाग लेती हुई।

# अहमदाबाद में संजू सैमसन ने जीता नन्हें फैंस का दिल, उपहार में दिए अपने ग्लव्स



- मैच की बात करें तो टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने तिलक वर्मा के 73, हार्दिक पांड्या के 63, सैमसन के 37, और अभिषेक शर्मा के 34 रन की बदौलत 8 विकेट पर 231 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका 20 ओवर में 8 विकेट पर 201 रन बना सकी और मैच 30 रन से हार गई।

» **अहमदाबाद, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।**

भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन का टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में लौटने का लंबा इंतजार शुक्रवार को समाप्त हो गया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के पांचवें और आखिरी टी20 में सैमसन को मौका मिला। सैमसन ने बतौर ओपनर शानदार पारी खेली और टीम को अच्छी शुरूआत दिलाकर बड़े स्कोर की नींव रखी। इसका परिणाम भारत को जीत के रूप में मिला। मैच के बाद सैमसन ने नन्हें फैंस का दिल भी जीता। संजू सैमसन बेहद लोकप्रिय हैं। उनकी लोकप्रियता बच्चों में भी है। अहमदाबाद के खिलाफ पांचवें टी20 मुकाबले के बाद सैमसन ने अपने ग्लव्स दो छोटे बच्चों को दे दिए। बच्चे सैमसन से उपहार पाकर बेहद खुश नजर आ रहे थे। सैमसन द्वारा बच्चों को ग्लव्स दिए जाने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

सैमसन की बल्लेबाजी की बात करें तो उन्होंने 22 गेंदों पर 2 छक्कों और 4 चौकों की मदद से 37 रन की पारी खेली। लंबे समय बाद प्लेइंग इलेवन में लौटे संजू बेहतर लय में नजर आए।

मैच की बात करें तो टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने तिलक वर्मा के 73, हार्दिक पांड्या के 63, सैमसन के 37, और अभिषेक शर्मा के 34 रन की बदौलत 8 विकेट पर 231 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका 20 ओवर में 8 विकेट पर 201 रन बना सकी और मैच 30 रन से हार गई। क्विंटन डि कॉक ने सर्वाधिक 65 रन बनाए थे। भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती ने सर्वाधिक 4 विकेट लिए। हार्दिक पांड्या को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया, जबकि वरुण चक्रवर्ती सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे। 5 टी20 मैचों की सीरीज भारत ने 3-1 से जीती।


## बुमराह की फिटनेस के लिए उन्हें आराम दिया जाना जरूरी : रॉबिन उथप्पा

**लखनऊ, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कहा है कि अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को बीच-बीच में आराम दिया जाना बेहद जरुरी है। उथप्पा के अनुसार बुमराह का एक्शन काफी कठिन है। इसके साथ ही उनकी गति भी काफी तेज है जिससे उनके शरीर पर काफी दबाव आता है और चोटिल होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में उनक कार्यभार प्रबंधन का ध्यान देना जरुरी है। बुमराह भारतीय गेंदबाजी आक्रमक की कमाना संभालते हैं और अगले साल होने वाले टी20 विश्वकप को देखते हुए उनका फिट बने रहना जरुरी है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में बुमराह को आराम दिया गया था और उन्होंने पांच मैचों की टी20 सीरीज में वापसी की। उथप्पा ने कहा, ह्यवह एक शानदार मैच विजेता खिलाड़ी है पर उनके कार्यभार का प्रबंध करना बेहद जरूरी है। तेज गेंदबाजी क्रिकेट का सबसे मुश्किल कौशल है और बुमराह इसे बेहद तेज गति से और चुनौतीपूर्ण एक्शन के साथ करते हैं। उन्होंने कहा, ह्यआप उनको पूरी तरह से फिट बनाए रखना चाहते हैं पर साथ ही आप यह भी चाहते हैं कि वह पर्याप्त क्रिकेट खेलें। इसके लिए काफी सूझबूझ से उनका कार्यभार प्रबंधन करना होगा जिससे वह लय में भी बने रहे और उनके शरीर पर जरुरत से ज्याद बोझ भी न पड़े।



## अल्काराज ने फरेरो को हटाकर लोपेज को कोच बनाया

» **मैड्रिड, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।**



स्पेन के टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले अपने कोच जुआन कार्लोस फरेरो को हटा दिया है। वहीं सैमुएल लोपेज को उन्होंने अपना नया कोच बनाया है। लोपेज इससे पहले पाब्लो करेनो बुस्टा के कोच रहे हैं। अल्काराज अब 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन में लोपेज के साथ उतरेंगे। विश्व के नंबर-1 खिलाड़ी अल्काराज पिछले काफी समय से फरेरो से जुड़े हुए थे पर अब दोनों का ये संबंध टूट गया है। अल्कराज ने दोनो के बीच करार टूटने की बात सोशल मीडिया के जरिये सार्वजनिक की। अल्काराज बचपन से ही फेररो से कोचिंग ले रहे थे। उनके कोच रहते ही अल्काराज टेनिस जगत में बुलंदियों तक पहुंचे है। उनक नाम आज छह ग्रैंड स्लैम खिताब सहित कुल 22 टूनामेंट हैं। इसके अलावा वह एटीपी रैंकिंग में भी शीर्ष स्थान पर पहुंच गये हैं। कोच से अलग होने को अल्काराज ने एक कठिन फैसला बताते हुए कहा, हमने मिलकर शीर्ष तक का सफर तय किया है जिसके लिए मैं कोच का आभारी हूं। मुझे लगता था कि अगर राह अलग होनी हैं, तो यह उसी स्तर पर होनी चाहिए, जहां तक पहुंचने का हमने हमेशा सपना देखा था जो आज पूरा हो गया है। एक रिपोर्ट के अनुसा, अब सैमुएल लोपेज अल्काराज के नए कोच होंगे। लोपेज इससे पहले पाब्लो करेनो बुस्टा के कोच रहे हैं। अल्काराज अब 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी नए कोच के साथ करेंगे।

# बॉलीबुड में ग्लेमर का तड़का






यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## फटाफट खबरें

### धीरे-धीरे मवेशियों में भी फैल रहा खतरनाक एच5एन1 वायरस

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** एच5एन1 एवियन इन्फ्लुएंजा वायरस का बदलता स्वरूप न सिर्फ पशुधन स्वास्थ्य, बल्कि भविष्य में मानव स्वास्थ्य के लिए भी बड़ा खतरा बन सकता है। लंबे समय तक केवल पक्षियों तक सीमित माना जाता रहा यह वायरस अब धीरे-धीरे मवेशियों में भी आम बीमारी की तरह फैलता नजर आ रहा है। यह कहना है शोधकर्ता वैज्ञानिकों का। दुनिया की सबसे बड़ी पोल्ट्री और पशुधन आबादी वाले भारत जैसे देशों के लिए यह स्थिति गंभीर चेतावनी है, क्योंकि यहां बर्ड फ्लू के प्रकोप पहले से ही बार-बार सामने आते रहे हैं। ताजा शोध में खुलासा हुआ है कि एवियन एच5एन1 वायरस पिछले छह दशकों में किस तरह धीरे-धीरे रूप बदलता गया है। इस अध्ययन में पाया गया कि हालिया कुछ वेरिएंट पुराने स्ट्रेन की तुलना में गायों की कोशिकाओं और स्तन (मैमरी) ऊतकों को कहीं ज्यादा तेजी से संक्रमित करने में सक्षम हैं।

### रूस का महाविनाशक दांवः यूरोप की छाती पर तैनात की मौत की मशीन

**मॉस्को, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** मास्को और मिन्स्क के फैसलों ने यूरोप की सुरक्षा को लेकर नई चिंताएं खड़ी कर दी है। बेलारूस अब केवल रूस का सहयोगी नहीं रह गया, बल्कि पश्चिमी देशों के लिए एक रणनीतिक लॉन्चपैड बनता नजर आ रहा है। बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने ऐलान किया है कि रूस की अत्याधुनिक ह्रओरेशिनकह्र हाइपरसोनिक मिसाइल प्रणाली जिसे मौत की मशीन कहा जाता है, को देश में तैनात कर दिया गया है। इस घोषणा के बाद नाटो देशों में हड़कंप मच गया है, क्योंकि यह मिसाइल यूरोप के बड़े हिस्से को अपनी जद में लेने में सक्षम मानी जा रही है। रूस की सैन्य कमान पहले ही यह स्पष्ट कर चुकी है कि हाइपरसोनिक मिसाइलों से लैस एक पूरी सैन्य ब्रिगेड तैयार कर ली गई है।

### भ्रष्टाचार मामले में पूर्व पीएम इमरान खान और पत्नी बुशरा को 17-17 साल की सजा

**इस्लामाबाद, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की कानूनी परेशानियां पिछले डेढ़ साल से लगातार बढ़ती जा रही हैं। उन्हें पहली बार 9 मई 2023 को भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद अगस्त 2023 में तोशाखाना मामले में उनकी दूसरी गिरफ्तारी हुई। तब से वे कई मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं और अलग-अलग अदालतों में सुनवाई चल रही है। ताजा फैसला उनके खिलाफ चल रहे मामलों की कड़ी में एक अहम मोड़ माना जा रहा है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और क्रिकेट विश्व कप विजेता कप्तान इमरान खान को भ्रष्टाचार के एक गंभीर मामले में अदालत ने 17 साल की सजा सुनाई है। इसी मामले में उनकी पत्नी बुशरा बीबी को भी समान सजा दी गई है। यह फैसला ऐसे समय आया है जब उनके जेल में कथित अमानवीय व्यवहार को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सवाल उठ रहे हैं और पाकिस्तान सरकार पर दबाव बढ़ रहा है। सजा के समय पाकिस्तान में उनके जेल में रखे जाने के तरीके पर भी विवाद है।

# बांग्लादेश का माहौल लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए अच्छा संकेत नहीं: शशि थरूर

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।**

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को हिंसा प्रभावित बांग्लादेश में जाने-माने मीडिया हाउस पर हो रहे हमलों पर गहरी चिंता जताई। साथ ही, बिगड़ते सुरक्षा हालात के बीच खुलना और राजशाही में भारतीय असिस्टेंट हाई कमीशन में वीजा सेवाओं को जबरन बंद करने की भी निंदा की।

कट्टरपंथी इस्लामी नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद बांग्लादेश में अशांति की एक नई लहर देखने को मिली है। हादी 2024 के छात्र आंदोलन के दौरान चर्चा में आए थे, जिसके कारण तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटना पड़ा था।

इस हत्या के बाद बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। ढाका समेत देश के कई हिस्सों से हिंसा की खबरें सामने आई हैं।

इंकलाब मंचो नेता हादी की मौत को लेकर विरोध प्रदर्शन लगातार बढ़ रहे हैं और भीड़ ने प्रमुख मीडिया संगठनों और बांग्लादेश की धर्मनिरपेक्ष विरासत से जुड़ी जगहों को निशाना बनाया है। मीडिया संस्थानों में आगजनी और तोड़फोड़ की खबरों ने देश के अंदर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता पैदा कर दी है।



इन घटनाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि प्रेस पर हमले लोकतांत्रिक मूल्यों की बुनियाद पर हमला हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, बांग्लादेश से आ रही खबरों से मैं बहुत चिंतित हूं। प्रोथोम आलो और द डेली स्टार के दफ्तरों पर टारगेट करके भीड़ के हमले और आगजनी सिर्फ दो मीडिया हाउस पर हमला नहीं हैं। ये प्रेस की आजादी और एक बहुलवादी समाज की नींव पर हमला हैं।

कांग्रेस सांसद ने सीनियर एडिटर्स समेत पत्रकारों की सुरक्षा पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि वे एडिटर महफूज अनम और बढ़ते मुश्किल हालात में काम कर रहे दूसरे मीडिया प्रोफेशनल्स की भलाई को लेकर चिंतित हैं।

अशांति के बीच, भारत को सुरक्षा खतरों का हवाला देते हुए बांग्लादेश में दो वीजा एप्लीकेशन सेंटर बंद करने पड़े। राजशाही में ह्रजुलाई 36 मंचह्र नाम के एक ग्रुप ने भारतीय असिस्टेंट हाई कमीशन की ओर मार्च निकाला। जुलूस डिप्लोमैटिक मिशन की ओर बढ़ा, लेकिन पुलिस के दखल के बाद उसे बीच में ही रोक दिया गया।

खुलना में भी इसी तरह के प्रदर्शनों की खबरें आईं, जिसके बाद अधिकारियों ने दोनों जगहों पर वीजा से जुड़े काम रोक दिए। थरूर ने इसकी निंदा करते हुए कहा कि सेवाओं को रोकने के दूरगामी परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि बढ़ते सुरक्षा खतरों के कारण खुलना और राजशाही में भारतीय असिस्टेंट हाई कमीशन में वीजा सेवाओं को जबरन बंद करना एक बड़ा झटका है। इस रुकावट का सीधा असर उन छात्रों, मरीजों और परिवारों पर पड़ रहा है, जिन्हें आखिरकार सीमा पार आने-जाने में सामान्य स्थिति की झलक दिख रही थी।

## ताइवान में चाकू और स्मोक ग्रेनेड से हमला, 3 की मौत और 9 घायल

**» ताइपे, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।**

ताइवान की राजधानी ताइपे में शुक्रवार शाम एक आतंकवादी हमले ने शहर को दहला दिया। एक व्यक्ति ने अचानक चाकू और स्मोक ग्रेनेड का इस्तेमाल कर लोगों पर हमला किया, जिसमें तीन लोग मारे गए और नौ घायल हुए। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई गई है। घटना के तुरंत बाद आरोपी ने एक डिपार्टमेंट स्टोर की इमारत से कूदकर अपनी जान दे दी।

पुलिस के अनुसार, आरोपी को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसे मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक, उसने ताइपे मेन मेट्रो स्टेशन के एक भूमिगत निकास के पास स्मोक ग्रेनेड फेंका, जिससे अफरा-तफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। इसके बाद आरोपी शहर के एक व्यस्त शॉपिंग इलाके में गया और एसलाइट डिपार्टमेंट स्टोर की पहली और चौथी मंजिल पर मौजूद लोगों पर चाकू से हमला किया।

# उस्मान हादी की मौत के बाद हालात हुए बेकाबू, जगह-जगह हो रही हिंसा

**» ढाका, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।**



बांग्लादेश गुरुवार रात से हिंसा और अराजकता की चपेट में है। कट्टरपंथी और भारत-विरोधी नेता शरीफ उस्मान हादी की सिंगापुर में इलाज के दौरान मौत की खबर सामने आते ही देश के कई हिस्सों में उग्र प्रदर्शन शुरू हो गए। राजधानी ढाका सहित अनेक शहरों में मीडिया कार्यालयों, सांस्कृतिक केंद्रों और राष्ट्रपिता शेख मुजीबुर रहमान से जुड़े स्थलों को नुकसान पहुंचाए जाने की घटनाएं सामने आई हैं। इस बीच कथित ईशनिंदा के आरोप में एक हिंदू व्यक्ति की हत्या की खबर ने स्थिति को और तनावपूर्ण बना दिया है, जिससे सांप्रदायिक चिंता भी गहराती दिख रही है। विश्लेषकों का मानना है कि यदि हालात जल्द नियंत्रित नहीं हुए, तो यह अस्थिरता चुनावी प्रक्रिया और लोकतांत्रिक वातावरण पर गहरा असर डाल सकती है।

शरीफ उस्मान हादी पर पिछले सप्ताह ढाका में दिनदहाड़े हमला हुआ था। बाइक सवार नकाबपोश हमलावरों ने उन्हें गोली मारी थी, जिसके बाद उनकी हालत गंभीर हो गई। कई दिनों तक अस्पताल में इलाज चलने के बाद अंतरिम प्रशासन की निगरानी में उन्हें एयर एंबुलेंस से सिंगापुर ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उनकी मौत की पुष्टि होते ही समर्थकों और विभिन्न समूहों में आक्रोश फैल गया, जो देखते ही देखते हिंसक प्रदर्शनों में बदल गया। जांच एजेंसियों के अनुसार, इस हमले के पीछे सुनियोजित साजिश के संकेत मिले हैं। बताया जा रहा है कि मुख्य आरोपी ने हमले से एक दिन पहले अपने करीबी लोगों से ऐसी घटना होने की बात कही थी, जो पूरे देश को हिला देगी। इन बयानों को जांच में पूर्व-योजना से जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि इस हमले में कई स्तरों पर तैयारी की गई थी। जांच में यह भी सामने आया है कि मुख्य संदिग्ध पहले सत्तारूढ़ दल की छात्र इकाई से जुड़ा रहा है। पूछताछ में परिवार के सदस्यों और परिचितों से मिली जानकारी के आधार पर एजेंसियों का दावा है कि हमले में 20 से अधिक लोग अलग-अलग भूमिकाओं में शामिल थे। फंडिंग, हथियारों की व्यवस्था, हमले को अंजाम देना और बाद में आरोपियों को सुरक्षित ठिकानों तक पहुंचाने की पूरी योजना बनाई गई थी। एक पूर्व स्थानीय जनप्रतिनिधि को इस साजिश का प्रमुख योजनाकार बताया जा रहा है।

संयुक्त कार्रवाई में सुरक्षा एजेंसियों ने अब तक कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान हथियार, गोलियां और बड़ी रकम से जुड़े दस्तावेज बरामद होने की बात कही गई है।

## गाजा में शांति को लेकर खुश हुए अमेरिकी विदेश मंत्री बोले- हम आपके आभारी

**» वॉशिंगटन, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।**



अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका पाकिस्तान की उस पेशकश का बहुत आभारी है, जिसमें इस्लामाबाद ने गाजा में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल (आईएसएफ) में शामिल होने या कम से कम इस पर विचार करने की इच्छा जताई है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी तक किसी भी देश से औपचारिक सहमति नहीं मांगी गई है और न ही प्राप्त हुई है। यह बयान साल के अंत में आयोजित एक लंबी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आया, जहां रुबियो से गाजा में शांति स्थापना के लिए पाकिस्तान की भागीदारी पर सवाल पूछा गया।

रुबियो ने कहा कि पाकिस्तान ने हिस्सा बनने की पेशकश की है या कम से कम विचार करने की पेशकश की है, जिसके लिए अमेरिका आभारी है। उन्होंने विश्वास जताया कि कई ऐसे देश हैं जो संघर्ष के सभी पक्षों के लिए स्वीकार्य हैं और इस बल में शामिल होने को तैयार हैं। हालांकि, बल के जनादेश, फंडिंग और नियमों को स्पष्ट करने की जरूरत है, ताकि देशों से ठोस प्रतिबद्धता मांगी जा सके। रुबियो के अनुसार, पहले बोर्ड ऑफ पीस और एक फिलिस्तीनी तकनीकी प्रशासनिक ढांचा स्थापित किया जाएगा, उसके बाद ही आईएसएफ का स्वरूप अंतिम रूप लेगा। यह टिप्पणियां ट्रंप प्रशासन की गाजा शांति योजना को आगे बढ़ाने की कोशिशों के बीच आई हैं, जो इजरायल-हमास युद्ध समाप्त करने पर केंद्रित है। योजना में मुस्लिम बहुल देशों से सैनिकों की भागीदारी पर जोर है। पाकिस्तान ने अभी तक सैनिक भेजने का अंतिम फैसला नहीं लिया है, लेकिन विचार कर रहा है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार ने पिछले महीने कहा था कि शांति स्थापना में योगदान संभव है, लेकिन हमास को निरस्त्र करना पाकिस्तान की जिम्मेदारी नहीं है।

# पाकिस्तानी भिखारियों से कई देश परेशान, 50 हजार को दिखाया बाहर का रास्ता

**» इस्लामाबाद, यूटर्न/ 20 दिसम्बर।**

पाकिस्तान ने पूरी दुनिया की नाक में दम कर दिया है। कभी आतंकवाद फैलाता है तो कभी भिखारियों की फौज दूसरे देशों में सप्लाई कर देता है। इससे तंग आकर कई देशों ने उन्हे अपने देश से बाहर कर दिया है। इसकी जानकारी खुद पाकिस्तान ने दी है। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली की ओवरसीज पाकिस्तानियों और मानवाधिकारों पर स्थायी समिति की बैठक में एफआईए के महानिदेशक रिफ्फत मुख्तार राजा ने जानकारी दी। उन्होंने समिति को बताया कि इस वर्ष 51,000 पाकिस्तानियों को प्रवेश से वंचित किया गया। उन्होंने बताया कि सऊदी अरब में निर्वासन की संख्या सबसे अधिक रही, जहां भीख मांगने के आरोप में 24,000 लोगों को वापस भेजा गया। यूएई ने भी इसी आधार पर 6,000 पाकिस्तानियों को निर्वासित किया, जबकि अजरबैजान से करीब 2,500 भिखारियों को बाहर किया गया।



एफआईए डीजी ने कहा कि उमरा के बहाने यूरोप जाने की कोशिश कर रहे कई लोगों को तब रोका गया, जब उनके दस्तावेजों से यूरोपीय देशों में प्रवेश का इरादा सामने आया। उन्होंने कहा, ह्रसबूतों के आधार पर ऐसे यात्रियों को प्रवेश से वंचित किया गया। समिति को यह भी बताया गया कि इस वर्ष 24,000 पाकिस्तानी कंबोडिया गए, जिनमें से 12,000 अब तक वापस नहीं लौटे। वहीं, 4,000 लोग म्यांमार पर्यटक वीजा पर गए, जिनमें से लगभग 2,500 वापस नहीं आए। एफआईए प्रमुख ने कहा कि कड़े नियंत्रण उपायों के चलते पाकिस्तान के पासपोर्ट रैंकिंग में सुधार हुआ है और यह 118वें स्थान से 92वें स्थान पर आ गया है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान पहले अवैध प्रवासन के मामलों में शीर्ष पांच देशों में शामिल था, लेकिन नीतियों में बदलाव के कारण स्थिति में सुधार आया है। इससे पहले, जनवरी में सऊदी अरब और अमेरिका सहित कई देशों से 200 से अधिक पाकिस्तानियों को एक सप्ताह के भीतर निर्वासित किया गया था।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *